इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 45 | अंक - 17 | राजनांदगांव, मंगलवार 02 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## संसद शीतकालीन सत्र का पहला दिन: SIR और वोट चोरी के आरोपों पर विपक्ष का जोरदार हंगामा

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरुआत के साथ ही हंगामेदार हो गया। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों में विपक्ष ने SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) और कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर जोरदार विरोध किया, जिसके चलते कार्यवाही बार-बार बाधित होती रही।



### राज्यसभा में धनखड़ के जिक्र पर घमासान

शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा की 15-15 बैठकें होंगी। विपक्ष संविधान लागू होने की 75वीं वर्षगांठ, आंतरिक सुरक्षा और श्रम संहिता (लेबर कोड) पर चर्चा चाहता है, जबकि सरकार 'वंदे मातरम' के इतिहास और महत्व पर चर्चा कराना चाहती है। सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद परिसर में मीडिया से बात की। करीब 10 मिनट की बातचीत में उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों में हार की निराशा से बाहर निकलकर उन्हें सदन में जनहित के मुद्दे उठाने चाहिए। पीएम मोदी ने व्यंग्य करते हुए कहा कि अगर विपक्ष चाहे, तो मैं उन्हें परफॉर्मेंस के टिप्स देने को भी तैयार हूं। उन्होंने यह भी कहा कि संसद बहस और नीतियों की जगह है, न कि ड्रामा और नारेबाजी की। यहां ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए। इसके बाद राज्यसभा में नए सभापति सी.पी. राधाकृष्णन का स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनका अभिनंदन किया। हालांकि खड़गे ने पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर सवाल उठाते हुए कहा कि सदन उन्हें औपचारिक विदाई भी नहीं दे सका। इस पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा में इस हफ्ते वंदे मातरम् पर होगी चर्चा, पीएम मोदी भी रहेंगे शामिल

नई दिल्ली। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोकसभा में 10 घंटे की विशेष चर्चा आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बहस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा लेंगे, जिससे इस आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। यह चर्चा गुरुवार या शुक्रवार को प्रस्तावित है और इसका उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वंदे मातरम् के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व को रेखांकित करना है।



### ऑल पार्टी मीटिंग में लिया गया फैसला

यह फैसला 30 नवंबर को हुई ऑल पार्टी मीटिंग और बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में लिया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू के नेतृत्व में हुई बैठक में बहुमत दलों ने चर्चा के प्रस्ताव पर सहमति जताई। राज्यसभा में भी एनडीए सदस्यों ने वंदे मातरम् पर विशेष चर्चा की प्रबल वकालत की। सरकार ने इसे राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का प्रतीक बताते हुए सभी दलों से बहस में भाग लेने का अनुरोध किया है।

### वंदे मातरम् का इतिहास

वंदे मातरम् की ऐतिहासिक यात्रा भी उल्लेखनीय है। 1870 के दशक में बंकिम चंद्र चटर्जी ने इसे संस्कृतनिष्ठ बंगाली में लिखा था। यह उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' (1882) का हिस्सा है। 1950 में इसे भारत गणराज्य के राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला, और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इस गीत ने करोड़ों भारतीयों को प्रेरित किया। गीत की 150वीं वर्षगांठ पर केंद्र सरकार स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का पहले ही जारी कर चुकी है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी युवाओं से वंदे मातरम को सामूहिक रूप से गाने की अपील की थी। हालांकि, बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में कांग्रेस ने विशेष गहन संशोधन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## संसद सत्र: प्रियंका गांधी का पीएम मोदी पर कटाक्ष, कहा- लोगों के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं, उन पर चर्चा न करना ड्रामा

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना ड्रामा है।



संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मोदी के बयान पर जवाब देते हुए, प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद किस लिए है। यह ड्रामा नहीं है। मुद्दों पर बोलना और मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है। ड्रामा का मतलब है चर्चा न होने देना। ड्रामा का मतलब है उन मुद्दों पर डेमोक्रेटिक चर्चा न होना जो जनता के लिए मायने रखते हैं। उन्होंने पूछा, हमने प्रदूषण के बारे में बात की है, हम इसे क्यों नहीं उठा रहे हैं। हमें इन चीजों पर चर्चा करने की इजाजत क्यों नहीं है।

उन्होंने दिल्ली में एयर क्वालिटी के मुद्दे को शर्मनाक बताया और कहा कि इस समस्या से निपटने और बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही सांस की समस्याओं से जूझ रहे लोगों की सेहत बचाने के लिए सभी को एक साथ आकर कड़े कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे सच में लगता है कि यह स्थिति शर्मनाक है। यह हमारे देश की राजधानी है। मुझे लगता है कि हमें पार्टियों को अलग रखना चाहिए और सभी को अपनी पूरी ताकत लगानी चाहिए।

### प्रियंका के निशाने पर पीएम मोदी

सोमवार को एसआईआर पर चर्चा की मांग के चलते दिनभर के लिए लोकसभा स्थगित कर दी गई। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, सरकार किसी भी विषय पर चर्चा नहीं करना चाहती। फिर सदन कैसे चलेगा? हमारी कम से कम एक बात तो सुननी चाहिए। अगर एसआईआर पर नहीं, तो चुनाव सुधार या किसी अन्य संबंधित मुद्दे पर चर्चा की जा सकती है। लेकिन यदि वे किसी चीज पर चर्चा ही नहीं करेंगे, तो सदन कैसे चलेगा? उन्होंने प्रधानमंत्री पर भी टिप्पणी की और कहा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तमिलनाडु में भीषण सड़क हादसा: दो बसों में की आमने-सामने से जोरदार टक्कर, 12 की मौत

नई दिल्ली। तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार शाम कुंगमगुड़ी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। संकरी सड़क पर दो निजी बसें तेज रफ्तार में आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से चकनाचूर हो गए और कई यात्री मलबे में फंस गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीण तत्काल मदद के लिए दौड़े और पुलिस के साथ मिलकर घायलों को बाहर निकालने में जुट गए। राहत कार्य देर रात तक चलता रहा। इस हादसे में 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत शिवगंगा और कराईकुडी के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां कई की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार कुछ मरीजों को विशेष उपचार और सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है।



### 40 से ज्यादा घायल

अस्पतालों में अफरा-तफरी का माहौल रहा, परिजन आंखों में आंसू लिए अपने अपनों की सलामती की दुआ करते दिखे। प्रारंभिक जांच में पुलिस को ओवरस्पीडिंग और ड्राइवर की लापरवाही जैसे संकेत मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि ड्राइवर थका हुआ था, या सड़क की संकरी बनावट और कम रोशनी ने हादसे को और भयावह बना दिया। जांच टीम ने दोनों बसों के ड्राइवरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं वाहन फिटनेस या समय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच सीबीआई करेगी, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट स्कैम पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम से संबंधित दर्ज मामलों की जांच सीबीआई करेगी। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई को जांच के लिए विशेष अधिकार भी दिया है। अब जहां भी साइबर अपराध में उपयोग किए गए बैंक खातों का पता चलता है, वहां संबंधित बैंकरों की जांच करने के लिए सीबीआई को पूर्ण स्वतंत्रता होगी।



### आरबीआई को पक्षकार बनाते हुए किया नोटिस जारी

सीजेआई सूर्यकांत ने सीबीआई को अधिक अधिकार देते हुए सीबीआई को (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) पीसीए के तहत बैंकरों की भूमिका की जांच करने की पूरी आजादी दी, जहां ऐसे डिजिटल अरेस्ट स्कैम के मकसद से बैंक अकाउंट खोले गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस स्वतः संज्ञान के मामले में आरबीआई को पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने रिजर्व बैंक से कहा कि कोर्ट की मदद करे कि ऐसे अकाउंट की पहचान करने और इसतरह के अपराध की कमाई को फ्रीज़ करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग कब लागू की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि आईटी इंटरमीडियरी रूल्स 2021 के तहत अथॉरिटीज़ सीबीआई को पूरा सहयोग देंगी। जिन राज्यों ने CBI को मंजूरी नहीं दी है, वे अपने अधिकार क्षेत्र में IT एक्ट 2021 की जांच के लिए मंजूरी दें ताकि CBI पूरे देश में बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर सके। कोर्ट ने कहा कि CBI जरूरत पड़ने पर इंटरपोल अधिकारियों से मदद मांगेगी। कोर्ट ने टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स एक ही नाम पर SIM या कई SIM जारी करने के मामले में टेलीकॉम डिपार्टमेंट से एक प्रपोज़ल जमा करने को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### राष्ट्रीय सुरक्षा चिंतन का केंद्र बना छत्तीसगढ़ डीजीपी कॉन्फ्रेंस

## सम्मेलन में लिए गए निर्णय देश की आंतरिक सुरक्षा को देंगे नई मजबूती - मुख्यमंत्री साय

रायपुर(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय डीजीपी/आईजीपी कॉन्फ्रेंस के सफल समापन पर इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन ने राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों, रणनीतियों और समन्वय तंत्र पर गहन चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और देशभर के डीजीपी एवं सुरक्षा बलों के शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा, महत्व और प्रभाव को कई गुना बढ़ा दिया।



### आंतरिक सुरक्षा को मिलेगी नई मजबूती

मुख्यमंत्री साय ने ज़ोर देकर कहा कि पिछले तीन दिनों तक देश के सर्वोच्च नेतृत्व एवं सुरक्षा तंत्र के शीर्ष अधिकारी छत्तीसगढ़ में उपस्थित रहे। जिससे राजधानी रायपुर राष्ट्रीय सुरक्षा चिंतन का केंद्र बनी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कॉन्फ्रेंस में हुए निर्णय देश की आंतरिक सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने सम्मेलन के सुचारू संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक समन्वय और आतिथ्य व्यवस्था में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मियों और सुरक्षा बलों के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दिल्ली समेत कई एयरपोर्ट पर जीपीएस डेटा से छेड़छाड़, सरकार ने सत्र के दौरान संसद में दी जानकारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद में स्वीकार किया कि देश के कई बड़े एयरपोर्ट पर जीपीएस स्पूफिंग और जीएनएसएस की घटनाएं दर्ज की गईं। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से लेकर मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और अमृतसर के एयरपोर्ट्स के आसपास ऐसी घटनाएं हुईं। इस समस्या में सैटेलाइट बेस्ड नेविगेशन सिस्टम बाधित होता जाता है, जिससे विमानों के उतरने और उड़ान भरने पर असर पड़ सकता है। नवंबर, 2023 में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सभी एयरलाइंस और एयरपोर्ट्स को ऐसे मामलों की कंपलसरी रिपोर्टिंग के निर्देश दिए थे। इसके बाद से देश भर के कई बड़े शहरों से लगातार रिपोर्ट मिल रही है। दरअसल, सोमवार संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आईजीआई हवाई अड्डे पर जीपीएस स्पूफिंग के मुद्दे पर सवाल किया गया। इस पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने सदन में जवाब दिया। उन्होंने बताया कि कुछ उड़ानों ने रनवे 10 पर पहुंचते समय जीपीएस आधारित लैंडिंग प्रक्रियाओं का उपयोग करते समय आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली के आसपास के क्षेत्र में जीपीएस स्पूफिंग की सूचना दी। रनवे 10 के पास पहुंचने वाले जीपीएस स्पूफ किए गए उड़ानों के लिए आकस्मिक प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि उड़ानों की गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा, अन्य रनवे के छोर पर पारंपरिक नेविगेशनल एड्स चालू थे। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरस्पेस में जीएनएसएस हस्तक्षेप को संबोधित करने के लिए 24 नवंबर 2023 को सलाहकार परिपत्र एएनएसएस एसी 01 जारी की थी। इसके अलावा, डीजीसीए ने आईजीआई एयरपोर्ट के आसपास जीपीएस स्पूफिंग/जीएनएसएस हस्तक्षेप घटनाओं की वास्तविक समय रिपोर्टिंग के लिए 10 नवंबर 2025 की मानक (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## छत्तीसगढ़ को केंद्र से एक और सौगात: रायपुर में अत्याधुनिक स्पेस लैब स्थापना को मिली मंजूरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार की ओर से एक और बड़ी सौगात मिली है। प्रदेश के रजत जयंती वर्ष पर रायपुर में अत्याधुनिक स्पेस लैब स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन की ओर से पत्र के माध्यम से स्वीकृति की सूचना भेजी गई है। कहा जा रहा है कि, यह स्पेस लैब लाखों विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान का प्रत्यक्ष अनुभव उपलब्ध कराएगी। प्रदेश के युवा वैज्ञानिक नवाचार के नए युग में प्रवेश कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि, लोकसभा के शीत सत्र के पहले ही दिन एक सांसद ने नियम 377 के तहत देशभर में ऐसे स्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने का आग्रह किया है। उक्त सांसद का कहना है कि, ऐसा करने से भारत के हर बच्चे को विज्ञान, अंतरिक्ष और तकनीक को सीखने के लिए समान अवसर मिल सकें। उल्लेखनीय है कि, प्रदेश की भाजपा सरकार का दावा है कि, डबल इंजन सरकार में प्रदेश को हर तरह की सुविधाएं मांगते ही मिलती हैं।



### अंतरिक्ष आयोग ने भेजा पत्र

## सरकार का बड़ा फैसला; सभी नए मोबाइल फोन में 90 दिनों के भीतर प्री-इंस्टॉल होगा संचार साथी एप

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग ने मोबाइल फोन कंपनियों को बड़ा निर्देश जारी किया है। अब देश में बनने या आयात होकर आने वाले हर नए स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। कंपनियों को इस नियम को लागू करने के लिए 90 दिन का समय दिया गया है।

### क्या है नया आदेश?

28 नवंबर को जारी दिशा-निर्देश के मुताबिक, 90 दिनों के बाद भारत में बनने या आयात किए जाने वाले सभी मोबाइल फोन में संचार साथी एप पहले से मौजूद होना चाहिए। यह एप फोन सेटअप के दौरान आसानी से दिखाई दे और इसे हटाया या डिसेबल ना किया जा सके।




सरकार ने साफ कहा है कि यह नियम सभी कंपनियों पर लागू होगा। चाहे वह एपल, सैमसंग, गूगल, शाओमी, वीवो या कोई दूसरा ब्रांड हो।

### पुराने फोन पर क्या असर पड़ेगा?

जो मोबाइल फोन पहले से बन चुके हैं या बिक्री के लिए स्टोर में मौजूद हैं, उनमें भी यह एप जोड़ना अनिवार्य होगा। इसके लिए कंपनियों को सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए संचार साथी एप उपलब्ध कराना होगा। निर्माताओं और आयातकों को इस आदेश का पालन करने के लिए 120 दिनों के अंदर दूरसंचार विभाग में रिपोर्ट जमा करनी होगी।

### संचार साथी एप क्यों हुआ अनिवार्य?

संचार साथी एप मोबाइल सुरक्षा से जुड़े मामलों को रोकने के लिए बनाया गया है। इस एप के जरिए मोबाइल के IMEI नंबर की जांच की जा सकती है। IMEI से जुड़े किसी भी फर्जीवाड़े की शिकायत दर्ज की जा सकती है। एप से खोए या चोरी हुए फोन की रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है। फर्जी कॉल या धोखाधड़ी की शिकायत भी की जा सकती है। सरकार के अनुसार, IMEI से छेड़छाड़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## असली काटने वाले तो संसद में बैठे हैं: कुत्ते पर बवाल के बाद बोलीं, रेणुका चौधरी

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत एक दिसबंर से शुरु हुई. हमेशा की तरह हंगामेदार रहने की उम्मीद थी, लेकिन इस बार सियासी गरमी किसी विधेयक या नीति पर नहीं, बल्कि एक कुत्ते पर मची है. कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी के संसद परिसर में कुत्ते के साथ पहुंचने पर बवाल मचा हुआ है. एक बेजुबान जानवर पर मची यह रार अब मीडिया में सुर्खियां बटोर रही है. कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी एक छोटे पिल्ले को लेकर संसद परिसर में दाखिल हुईं. सत्र के पहले दिन ही कांग्रेस नेता रेणुका चौधरी के एक कुत्ते के साथ संसद भवन परिसर में प्रवेश करने को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इसे सुरक्षा में सेंध और प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया, जिसके बाद मामला गरमा गया. विवाद बढ़ने पर कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने सफाई दी और सरकार पर पलटवार किया. अपने बयान में उन्होंने सवाल किया कि क्या कोई कानून है (जो इसकी मनाही करता हो) मैं आ रही थी. एक स्कूटर कार (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## रायपुर में कांग्रेस ने फूंका ईडी का पुतला, केंद्र के खिलाफ हुई नारेबाजी, केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का लगा आरोप

रायपुर। विपक्ष लंबे वक्त से केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा उठाती रही है. इस मुद्दे को लेकर राज्य से केंद्र स्तर तक प्रदर्शन भी कर चुकी है. एक बार कांग्रेस ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप सरकार पर लगाया है. सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने नेशनल हेराल्ड केस में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज की गई नई एफआईआर को लेकर प्रदर्शन किया.



### प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोमवार को प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन का आयोजन किया गया. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईडी का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया. रायपुर में भी कांग्रेस कार्यकर्ता अपने नेताओं के साथ सड़कों पर उतरे और केंद्र सरकार पर राजनीतिक विद्वेष, संस्थागत दुरुपयोग और विपक्ष को डराने-धमकाने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया.

### नेशनल हेराल्ड मामले की एफआईआर का विरोध

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह सियासी दुश्मनी के तहत काम कर रही है. कांग्रेस का आरोप है कि सरकार सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर रही है. कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का कहना था कि नेशनल हेराल्ड केस में नई एफआईआर दर्ज करना गलत है. विपक्ष को कमजोर और परेशान करने की इसे सियासी चाल नेताओं ने बताया.

प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव गांधी चौक पर जमा हुए. वहां से ईडी का पुतला लेकर कार्यकर्ता नारे लगाते हुए पैदल ईडी कार्यालय की ओर बढ़े. प्रवर्तन निदेशायल के कार्यालय पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. कार्यकर्ताओं ने यहां पर ईडी और केंद्र का पुतला भी फूंका.

## नवगठित बिहार विधानसभा का पहला सत्र शुरू, विधायकों ने ली शपथ



पटना। नवगठित बिहार विधान सभा का प्रथम सत्र सोमवार से प्रारंभ हुआ, जिसके दौरान प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने विधायकों को शपथ दिलाई। विधानसभा की बैठक शुरू होने के बाद प्रोटेम स्पीकर श्री यादव ने कहा कि जनता ने बिहार विधानसभा चुनाव में अपने प्रतिनिधियों को विधायक चुन कर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि यह नवनिर्वाचित विधायकों की जिम्मेदारी है कि वे देश के लोकतांत्रिक ढांचे में संविधान के प्रावधानों के अनुसार सदन में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएं। श्री यादव ने कहा कि वाईफाई सुविधाओं के साथ विधायकों की सीटों पर 'टैब' की व्यवस्था की गयी हैं, जिसका लाभ उठा कर आधुनिक तकनीक और डिजिटल सुविधा का उपयोग करते हुए सभी सदस्य सदन की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि विधायकों के पास हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और मैथिली सहित चार भाषाओं में शपथ लेने का विकल्प उपलब्ध है। आज शपथ लेने वाले पहले सदस्यों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गौ-माता से दुष्कर्म पर 10 साल जेल और 5 लाख रुपए जुर्माने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में गौमाता के साथ दुष्कर्म और अनाचार का मामला बढ़ रहा है। आये दिन ऐसे मामले हो रहे है, जो पूरे छत्तीसगढ़ को झकझोर देने वाले है। इस पर छत्तीसगढ़ सरकार से अपनी मांगे रखते हुए बजरंग दल के संभाग सह-संयोजक सुनील सेन ने बताया कि छत्तीसगढ़ में गौ माताओं के साथ क्रूरता और जघन्य अपराध बढ़ते जा रहे है। कुछ दिनों पूर्व राजनांदगांव में भी एक शख्स असलम खान, उम्र 56 वर्ष द्वारा गौमाताओं से दुष्कर्म किया गया, जो शहर के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ। इस कृत्य का एफआईआर कोतवाली थाना राजनांदगांव में की गयी। ऐसा ही दुष्कृत्य रायपुर में भी आलम नामक व्यक्ति द्वारा किया गया था। वहीं घुमका-गोपालपुर के एक शख्स नदीम खान उर्फ अब्दुल नाहिद और साहिल खान के द्वारा भी गौवंशों के साथ अनर्गल कृत्य करते वीडियो वायरल हुआ था। उन सभी पर मामला पंजीबद्ध कराया गया है। किन्तु आईपीसीबीएनएस हो या

**बजरंग दल ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, गौवंश अनाचार के लिए पृथक, गैर-जमानती कानून बनाने पर जोर**

छत्तीसगढ़ पशु संरक्षण अधिनियम किसी मे भी इस अपराध के लिए कोई पृथक से धारा या कानून नहीं है, इसलिए विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल राजनांदगांव द्वारा जिला दंडाधिकारी के हाथों मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नाम ज्ञापन सौंपकर गौ-माता के साथ दुष्कर्म करने वाले अपराधों पर नयी धारा जोड़ी जाए। जिसमें सजा कम से कम 10 वर्ष का कठोर कारावास और 5 लाख तक के अर्थदंड से दंडित किया जाए, मांग की गई है। साथ ही गौ-माता के साथ अनाचार या क्रूरता करने वालों पर फॉस्ट-ट्रैक न्यायालय में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संबंधित अपराधों को गैर-जमानती श्रेणी में शामिल करने पर विचार किया जाए। गांवों, नगरों और गौशालाओं में निगरानी, सीसीटीवी व्यवस्था एवं त्वरित शिकायत प्रणाली उपलब्ध कराई जाए। पशु सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल एफआईआर एवं गिरफ्तारी के निर्देश जारी किए जाएं। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि एक धर्म विशेष के व्यक्तियों द्वारा ही यह कृत्य किया जाता है, इससे उनकी मानसिकता स्पष्ट दिखती है के गौमाता के साथ ऐसा अनाचार हिन्दू समाज को अपमानित करने का बार-बार प्रयास हो रहा है। वर्तमान समय में गौ-माता के साथ अनाचार, क्रूरता, दुर्व्यवहार तथा अनैतिक कार्यों की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहती हैं। यह न केवल हमारी संस्कृति, धर्म और सामाजिक मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा संबंधित दंडात्मक प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन भी है। अतः वर्तमान सरकार से विनम्र अनुरोध है कि ऐसे जघन्य कृत्यों पर कठोरतम दंड का स्पष्ट कानूनी प्रावधान किया जाए।

# स्वदेशी मेला का भूमिपूजन संपन्न : 25 दिसंबर तक साइंस कॉलेज ग्राउंड में लगेगा भव्य मेला



रायपुर(दावा)। भारतीय विपणन विकास केन्द्र द्वारा आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित स्वदेशी मेला 2025-26 इस वर्ष 18 से 25 दिसंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा। मेले के आयोजन से पूर्व 1 दिसंबर की सुबह 9:30 बजे भूमि पूजन कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन में गणमान्यजनों की उपस्थिति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत सिंह साहब तथा महापौर श्रीमती मीनल चौबे उपस्थित रही। मेला संयोजक केदारनाथ गुप्ता अपनी धर्मपत्नी के साथ भूमिपूजन में उपस्थित हुए। इसके अलावा सहसंयोजक जसप्रीत सिंह सलूजा, स्वागत समिति अध्यक्ष आनंद सिंघानिया, स्वागत समिति सचिव अमरजीत सिंह छाबड़ा, प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच जगदीश पटेल, प्रांत मेला प्रमुख अमर बंसल, प्रबंधक भारतीय विपणन विकास केंद्र सुब्रत चाकी, महिला मेला प्रमुख आरती दुबे, सह महिला प्रमुख सीमा शर्मा, एवं सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्यजन सम्मिलित हुए। उमेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, युगबोध अग्रवाल, प्रवीण मैशेरी, डॉ. सलीम राज, शताब्दी पांडे, डॉ. इला गुप्ता, शीला शर्मा, इंदिरा जैन, विवेक बर्धन, सुधीर फौजदार, विनय शर्मा, बिहारी होतवानी, अश्विन प्रभाकर, दिग्विजय भाकरे, सुचित्रा बर्धन, निधि झा, शकुंतला श्रीवास, अर्चना भाकरे, उमा शुक्ला, रैहाना खान, सुनीता चंसोरिया, सुनीता पाठक, निशा संमदुलकर, अर्चना वोरा, सीमा कटंककार, खुशबू शर्मा, लक्ष्मी जीलहरे, सविता मौर्या, अंजलि देशपांडे, राजमोहन बाग, राहुल देव पंत देवेंद्र गुप्ता सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 350 से अधिक स्टॉल, अनेक प्रतियोगिताएं

प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया कि स्वदेशी मेला हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य स्वरूप में आयोजित होगा। मेले में 350 से अधिक स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। सुई से लेकर बड़े मशीनरी स्तर तक की वस्तुएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगी। प्रतिदिन मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, समूह नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। हजारों प्रतिभागियों को मंच प्रदान किया जाएगा।

### विभिन्न राज्यों की संस्कृति और खान-पान होगा आकर्षण

मेले में छत्तीसगढ़ के साथ गुजरात, राजस्थान, पंजाब, ओडिशा, आंध्रप्रदेश तथा अन्य राज्यों की संस्कृति, लोक नृत्य और पारंपरिक भोजन के विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रतिदिन मंच पर लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मेले की विशेष आकर्षण होंगी। मेले के दौरान समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की संगोष्ठियां भी आयोजित की जाएंगी। जिनमें विषय विशेषज्ञ अपनी बातें रखेंगे।

# जोगी युवा मोर्चा ने आईजी को सौंपा ज्ञापन : मुकेश साहू प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग

**कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसूल आलम ने लगाया एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप, तत्काल एसपी को कार्रवाई के निर्देश**



राजनांदगांव (दावा)। अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर शमसूल आलम ने सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक श्री शांडिल्य से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने सिटी कोतवाली थाने में लंबित मुकेश साहू प्रकरण पर शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि दो माह पूर्व मुकेश साहू पर तीन नाबालिग युवकों ने आँख में मिर्ची डालकर जानलेवा हमला किया था, जिसकी शिकायत तत्काल कोतवाली में की गई थी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी पहचाने गए थे, लेकिन पुलिस ने दो आरोपियों को समझाइश देकर छोड़ दिया था, जबकि एक आरोपी राज यादव फरार बताया गया था।

आरोप है कि एक माह बाद फरार आरोपी राज यादव क्षेत्र में वापस दिखा और उसने मुकेश साहू के साथ गाली-गलौज कर विवाद किया। विवाद के बाद दोनों पक्षों ने थाना सिटी कोतवाली में आवेदन दिया। संगठन का आरोप है कि थाना प्रभारी द्वारा काउंटर रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन इसके विपरीत एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए मुकेश साहू को रातभर थाने में रोककर अगले दिन अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। वहीं, मुकेश साहू के मूल आवेदन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसूल आलम के साथ प्रार्थी मुकेश साहू, नमन पटेल (विधानसभा अध्यक्ष), ऋषभ रामटेके (जिला महासचिव), बिलाल सोलिन खान (शहर अध्यक्ष), अनवर खान, आकाश पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान बिश्राम दास ने मेहनत का उचित दाम मिलने पर जाहिर की प्रसन्नता

**किसान बिश्राम ने धान उपार्जन केन्द्र ढाबा में बेचा 52 क्विंटल धान**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। जिले के 96 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य तेज गति से जारी है। किसानों के लिए धान खरीदी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया गया है। समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी और धान उपार्जन केन्द्रों में बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध होने पर किसानों में प्रसन्नता है। ग्राम नया ढाबा के किसान बिश्राम दास साहू ने अपने निजी वाहन पर धान बिक्री करने धान उपार्जन केन्द्र ढाबा पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि घर बैठे टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप्प के माध्यम से टोकन कटाकर 52 क्विंटल धान बिक्री के लिए लाए हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी से किसानों को उनके मेहनत का उचित दाम मिल रहा है। जिससे हम किसान सही मूल्य पर अपने धान की बिक्री कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र ढाबा में किसानों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। इलेक्ट्रानिक तौल मशीन में धान की तौलाई तेज गति से की जा रही है, जो बहुत ही सुविधाजनक है।

किसान बिश्राम दास ने कहा कि खेती-किसानी का कार्य करते हुए अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास 2.5 एकड़ खेती जमीन है, जिसमें धान का उत्पादन अच्छा हुआ है।

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 8 को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

राजनांदगांव (दावा)। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसंबर को सम्पूर्ण भारत में भारतीय सेनाओं के शहीदों के पुण्य स्मरण करने एवं उनके सम्मान में मनाया जाता है। इसके तहत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में 8 दिसंबर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर शहीद जवानों के परिवारों एवं जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों की सहायता हेतु ध्वज वितरण कर धनराशि एकत्रित की जाएगी। एकत्रित राशि समामेलित विशेष निधि राज्य सैनिक बोर्ड के कोष में जमा कराई जाएगी। ध्वज का न्यूनतम मूल्य निर्धारित नहीं किया जाता है, परन्तु इस अवसर पर कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से जितना भी चाहे राशि अंशदान दे सकते है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की अंशदान राशि पर आयकर की धारा 80-जी के तहत आयकर में 100 प्रतिशत की छूट है।

# टैलेंट हंट कांग्रेस की आवाज में दुर्ग जोन का साक्षात्कार संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के टैलेंट हंट अभियान के अंतर्गत जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पैनलिस्ट चयन की प्रक्रिया को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगे बढ़ाते हुए जोन स्तर पर फिजिकल इंटरव्यू का कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिसके अंतर्गत दुर्ग जोन जिसमें दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला शामिल हैं। जिसके आवेदनकर्ताओं का फिजिकल इंटरव्यू प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, स्वतंत्र पत्रकार सेंट्रल क्रॉनिकल के प्रज्ञावतार साहू, पूर्व महापौर नीता लोधी की अगुवाई में संपन्न हुआ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत साक्षात्कार लिया गया। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के लिए आवाज मुखरित करने वाले एवं कांग्रेस की आवाज बनने हेतु इच्छुक आवेदकनकर्ता जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन किए थे। जिसका स्क्रूटनी पश्चात उनके विचारों से साक्षात्कार समिति अवगत हुई। साक्षात्कार के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, सौरभ साहू, हेमा साहू आदि उपस्थित थे।

# नई गाइडलाइन दरों और रजिस्ट्री रोक के खिलाफ आप का आज प्रदेशव्यापी आंदोलन- भूपेश तिवारी

राजनांदगांव (दावा)। राज्य सरकार द्वारा जमीनों की रजिस्ट्री के लिए नई गाइडलाइन दरें लागू करने और 5 डिसमिल लगभग 2200 वर्गफुट से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री रोकने के फैसले ने प्रदेश की राजनीति को गर्मा दिया है। आम आदमी पार्टी ने इस निर्णय को जनविरोधी, गरीब किसान विरोधी और तुगलकी बताते हुए तीखा विरोध दर्ज किया है। पार्टी ने 2 दिसंबर को पूरे प्रदेश में वित्त मंत्री ओपी चौधरी का पुतला दहन करने और कलेक्टर कार्यालयों के सामने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने जारी बयान में कहा कि सरकार द्वारा रजिस्ट्री की नई गाईड लाईन दरों में की गई 500 से 1000 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी आम जनता की जेब पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि यह फैसला साफ दर्शाता है कि सरकार पूंजीपतियों के हित साधने में जुटी है और गरीब, किसान व मध्यम वर्ग को जमीन से दूर करने की कोशिश की जा रही है। श्री तिवारी ने कहा कि किसान पहले से ही महंगाई और कर्ज के बोझ तले दबे हैं, ऐसे में रजिस्ट्री दरों में अप्राकृतिक बढ़ोतरी उन्हें और संकट में धकेलेगी।



**आप के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी का सरकार पर बड़ा हमला**

आम आदमी पार्टी ने 2 दिसंबर को प्रदेश के सभी जिलों में विशाल विरोध कार्यक्रम की घोषणा की है। इस दिन वित्त मंत्री ओपी चौधरी का पुतला दहन, कलेक्टर कार्यालयों में धरना प्रदर्शन, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पार्टी ने इसे जनता का आंदोलन बताते हुए बड़ी संख्या में नागरिकों, किसानों, युवाओं व आमजन से उपस्थिति की अपील की है।

भूपेश तिवारी ने कहा यह आंदोलन सत्ता के खिलाफ नहीं बल्कि गरीब, किसान और आम लोगों के भविष्य को बचाने की लड़ाई है। सरकार को यह जनविरोधी निर्णय वापस लेना ही होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम आदमी पार्टी चुप नहीं बैठेगी और इस मुद्दे को प्रदेश की प्रत्येक पंचायत और प्रत्येक शहर तक लेकर जाएगी।

# जिले में धान की खरीदी उत्सव के लिए किसानों में उत्साह एवं खुशी

**अब तक जिले में 17675 पंजीकृत किसानों से 213 करोड़ 83 हजार रूपए मूल्य का 896285.20 क्विंटल धान की खरीदी**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में धान की खरीदी उत्सव के लिए किसानों में उत्साह एवं खुशी है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 17675 पंजीकृत किसानों से 213 करोड़ 83 हजार रूपए मूल्य का 896285.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

# सर्व आदिवासी समाज राजनांदगांव के ब्लॉक अध्यक्ष बने ललित कुमरे

राजनांदगांव (दावा)। सर्व आदिवासी समाज (रूढ़ि जन्य परंपरा आधारित) की ब्लॉक इकाई राजनांदगांव की महत्वपूर्ण बैठक 30 नवंबर को गोंडवाना भवन रेवाडीह वार्ड क्रमांक 22 में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला अध्यक्ष के आदेशानुसार नई कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। जिसमें ललित कुमरे को सर्व आदिवासी समाज राजनांदगांव के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

### जुझारू और समर्पित नेता को कमान

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने ललित कुमरे को अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुदलियार ने कहा कि ललित कुमरे समाज के एक जुझारु, सक्रिय और समर्पित नेता रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में समाज को नई दिशा मिलेगी। कुमरे पहले से ही आदिवासी समाज की विभिन्न गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं और एक सुलझे हुए सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ समाज के जिलाध्यक्ष भी हैं। उनके ब्लॉक अध्यक्ष बनने से समाज जनों में भारी उत्साह और विश्वास का माहौल देखा गया।



**शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने दी बधाई, समाज में हर्ष का माहौल**

### नई कार्यकारिणी और प्रमुख उपस्थिति

नई कार्यकारिणी में अन्य प्रमुख नियुक्तियाँ भी की गई। जिनमें कंचन तारम को ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रभाग और छात्रपाल कुंजाम को ब्लॉक सचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर अनेक सामाजिक पदाधिकारी एवं सम्माननीय जन उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से लेखराम मात्रा (अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति जिला कर्मचारी संघ), राहुल नेताम (सचिव, जिला सर्व आदिवासी समाज), रोम सिंह मंडलोई (कोषाध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज), सुरेंद्र मंडा (तहसील अध्यक्ष, ध्रुव गोंड समाज) और सेवकराम उईके (सचिव, गोंडवाना यूथ क्लब) शामिल थे। बड़ी संख्या में समाजजनों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी।

### गोटाटोला का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

मोहला (दावा)। विकासखंड मोहला अंतर्गत वंदना संकुल संगठन गोटाटोला का वार्षिक अधिवेशन एवं आम सभा का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल तथा ग्राम संगठनों के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा वर्षभर में तैयार किए गए विभिन्न घरेलू, हस्तनिर्मित एवं आजीविका आधारित उत्पादों का आकर्षक इंस्टॉल लगाया गया। इन उत्पादों में खाद्य सामग्री, वस्त्र, सजावटी सामान और अन्य स्थानीय उत्पाद शामिल थे। जिन्हें उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणजनों ने सराहा। अधिवेशन में वर्षभर के कार्यों की समीक्षा की गई और अगले वर्ष के लिए योजनाओं पर चर्चा की गई। संकुल संगठन ने बेहतर कार्य करने वाले केडरों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।









**// आम सूचना //**

मैं श्रीमती कोमल रूपलानी पति श्री सुरेन्द्र रूपलानी, आयु 37 वर्ष, निवासी- मकान नं. 26, वार्ड नं. 35, चौखड़ियापारा, राजनांदगांव, तहसील एवं जिला-राजनांदगांव (छ.ग.), की निवासी हूँ। मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम-पूजा गंगवानी दर्ज है तथा मेरे बच्चों क्रमशः कपिल रूपलानी, उम्र 10 वर्ष, एवं निखिल रूपलानी, उम्र 13 वर्ष, के जन्म प्रमाण पत्र में माता के नाम के स्थान पर मेरा नाम-कंचन रूपलानी, दर्ज है जो कि, त्रुटिपूर्ण है। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम- कोमल रूपलानी ( KOMAL RUPLANI ), दर्ज है जो कि, सत्य एवं सही है। अपने नाम में एकरूपता लाने हेतु अब मैं अपना नाम श्रीमती कोमल रूपलानी ( SMT. KOMAL RUPLANI ), रखना चाहती हूँ और चाहती हूँ कि, मुझे अब इसी नाम-कोमल रूपलानी ( KOMAL RUPLANI ), से जाना व पहचाना जावे, जिसके चलते मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेज / शासकीय / अर्द्धशासकीय/अशासकीय / बैंकिंग दस्तावेज एवं आधार कार्ड, मेरे बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूलीय रिकार्डों में तथा अन्य समस्त दस्तावेजों में जहाँ भी मेरा नाम पूजा गंगवानी, कंचन रूपलानी, दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर- श्रीमती कोमल रूपलानी ( SMT. KOMAL RUPLANI ), दर्ज कराना चाहती हूँ एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ। अतः आज दिनाँक 01/12/2025 से मेरे समस्त शैक्षणिक/शासकीय/अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिग/आधार कार्ड, दस्तावेज एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमती कोमल रूपलानी ( SMT. KOMAL RUPLANI ), की प्रविष्ठी करते हुए मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

स्थान - राजनांदगांव ( छ.ग. )
दिनॉक- 01/12/ 2025

भवदीय
( श्रीमती कोमल रूपलानी )
सुरेन्द्र रुपलानी

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-7
557-7 990-8
राजधानी
3-5-9
688-2 488-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**धारा 6 (2) देखिये**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक दिलीप कुमार निर्मलकर पिता श्री भागवत राम निर्मलकर आयु -35 वर्ष, म.नं. 138, बनबधेरा, पोस्ट मुढ़ीपार, थाना सोमनी तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका होमेश्वरी कश्यप पिता श्री हेमन्त कश्यप आयु 34 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 27. शिवनाथ कालोनी, रायपुर नाका के पास, राजनांदगांव थाना सिटी कोतवाली, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक 4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस सबंध में पेशी तारीख 19/12/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सको हैं।

जारी दिनाक 18/11/2025
पेशी तारीख -19/12/2025

**अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शेख शदाब उम्र 18 वर्ष ( SHEIKH SHADAB ) पिता शेख शरीफ निवासी गोल बजार वार्ड नंबर 26, मकान नंबर 538 जिला राजनांदगांव (छ. ग.) का निवासी हूँ। यह शपथ करता हूँ कि मेरे दशवीं के अंकसूची में अंग्रेजी के नाम में त्रुटिवश मेरा नाम शेख शदाब ( SHEKH SHADAB ) पिता शेख शरीफ लिखा है जिसे बदलकर नया नाम शेख शदाब ( SHEIKH SHADAB ) पिता शेख शरीफ रख लिया है। अतः आज से मुझे मेरे नये नाम शेख शदाब ( SHEIKH SHADAB ) पिता शेख शरीफ को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में दर्ज किया जाये और मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**शेख शदाब**
निवासी- गोलबाजार वार्ड नंबर 26 मकान नंबर 538, राजनांदगांव ( छ.ग. )

# 'हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी', भाजपा ने शहर में चलाया अभियान



राजनांदगांव(दावा)। आत्मनिर्भर भारत के तहत भाजपा द्वारा देश भर में हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर जिला भाजपा के समस्त मोर्चा एवं मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में सोमवार को शहर में आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान चलाया। कार्यक्रम का आरंभ महावीर चौक से हुआ। इसके बाद शहर के मुख्य बाजार की दुकानों में संपर्क कर 'वोकल फॉर लोकल' उत्पादों को बढ़ावा देने दुकानदारों को प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर जन संपर्क कर कार्यकर्ताओं ने लोगों को स्वदेशी उत्पादों के महत्व के बारे में बताया। वहीं दुकानों में 'स्वदेशी स्टीकर' चिपकाए गए, और लोगों को यह शपथ दिलाईगई कि वे दैनिक जीवन में अधिक से अधिक भारत में बने उत्पादों का उपयोग करेंगे। जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि यह अभियान जन-जन को स्वदेशी भावना से जोड़ने का एक राष्ट्रव्यापी प्रयास है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक भारतीय नागरिक को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित करके भारत को आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। स्वदेशी को एक जन आंदोलन बनाना, ताकि यह हर घर और हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा बन जाए। स्वदेशी वस्तुओं की मांग बढ़ाकर देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना तथा मेक इन इंडिया से रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया एवं पार्षद राजा मखीजा, शरद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**दुकानदारों को किया प्रोत्साहित**

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी को बढ़ावा देने व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। व्यापारी, किसान, महिला और उद्यमी सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्थानीय शिल्पकारों और कारीगरों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। अभियान के तहत स्थानीय संगठन, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता लोगों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए लगातार जागरूक कर रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर संपर्क कर स्वदेशी वस्तुओं के महत्व और लाभ बताए जा रहे हैं। दुकानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाकर लोगों से घरेलू, हस्तनिर्मित और भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की जा रही है। अभियान के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में स्कूलों, पंचायतों और बाजारों में जागरूकता रैलियां तथा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में रिनोवेशन का कार्य 1 जनवरी के पहले पूर्ण करने के दिए निर्देश




**○ जीवनदीप समिति कार्यकारिणी की बैठक ली**
**○ सायकल स्टैण्ड एवं कैंटीन संचालन हेतु टेंडर करने के लिए कहा**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में जीवनदीप समिति कार्यकारिणी की बैठक ली। उन्होंने जिला चिकित्सालय में सायकल स्टैण्ड एवं कैटीन संचालन हेतु टेंडर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में महिला स्वसहायता समूह द्वारा मिलेट्स कैफे प्रारंभ करने के लिए कहा। उन्होंने जिला चिकित्सालय में रिनोवेशन का कार्य 1 जनवरी के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में भोजन गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। बैठक में जिला चिकित्सालय में हमर लैब में स्थापित विभिन्न जांच हेतु ऑटोएनालाईजर्स एवं चिकित्सालय के वार्डों में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न कंज्यूममेंबल सामग्री क्रय करने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय के मनोरोग विशेषज्ञ द्वारा पांच बिस्तर मनोरोग वार्ड प्रारंभ करने के लिए पुराना पुरूष आर्थो वार्ड का चयन कर उसके उन्नयन कार्य हेतु प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया। बैठक में जेम पोर्टल, जिला चिकित्सालय के मरम्मत कार्य, विभिन्न पदों पर भर्ती सहित अन्य मद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, डिप्टी कलेक्टर डॉ. प्रकाश टंडन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, अस्पताल अधीक्षक डॉ. यूके चन्द्रवंशी, सहित अन्य कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने शुरू की नई योजना, नए प्रवेश के लिए इस वर्ष का शून्य शुल्क



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने नए प्रवेश के लिए एक नई योजना शुरू की है। जिसमें नए प्रवेश लेने वाले छात्रों को इस वर्ष की फीस पूरी तरह से माफ कर दी जाएगी और वे अपनी इस सत्र की पढ़ाई यहां कम्प्लीट भी कर पायेंगे। उन्हें केवल अगले सत्र की फीस देनी होगी। इस योजना का उद्देश्य नए प्रवेश लेने वाले छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है और साथ ही साथ उनके परिवारों को आर्थिक रूप से राहत प्रदान करना है। इस योजना के तहत, नए प्रवेश लेने वाले छात्रों को इस वर्ष की फीस नहीं देनी होगी। जिससे उनके परिवारों को काफी राहत मिलेगी।

निदेशक सावंत बहादुर सिंह ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य नए प्रवेश लेने वाले छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है और साथ ही साथ उनके परिवारों को आर्थिक रूप से राहत प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना से निश्चित रूप से नए प्रवेश में वृद्धि होगी और छात्रों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। साथ ही सेना एवं पुलिस में कार्यरत जवानों को प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी विशेष छूट दी जाएगी। जो कि विगत सात वर्ष पूर्व निदेशक संजय बहादुर सिंह ने आरंभ की थी। साथ ही समाज के अपंग एवं अनाथ बच्चों को वर्षों से विशेष छूट दी जाती है। इस योजना के तहत नए प्रवेश लेने वाले छात्रों के अभिभावक काफी खुश हैं और वे अपने बच्चों के भविष्य के लिए इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

विद्यालय परिवार अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, ममता मिश्रा, सरिता सिंह बर्सर आई.के.वैष्णव, अपर्णा वर्मा, मौली सेबेस्टियन, एकता खण्डेलवाल, स्वाति पाण्डे, आर ऐन मिश्रा, अकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने इस पहल का स्वागत किया है।

# गुरुद्वारा चौक में कपड़ा दुकानदार से लूट की कोशिश



**टोपी सहित राशि लूट कर भाग रहे लूटेरे को दुकानदार ने पकड़ा**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के गुरुद्वारा चौक में कपड़े का व्यवसायी सोमवार की सुबह लूटते-लूटते बचा। बताया जाता है कि, गुरुद्वारा चौक में कपड़े का दुकान लगाने वाला सूरज नामक व्यवसायी सुबह लगभग साढ़े 9 बजे के करीब अपनी दुकान खोल ही रहा था, वैसे ही लाल रंग की स्कूटी वाहन जिसमें पुलिस लिखा हुआ था। दो युवक पहुंचे और दुकानदार से टोपी मांगने के बहाने बातचीत करने लगे। इस दौरान एक युवक ने व्यवसायी की दुकान से दो टोपी व नगद राशि लेकर भागने की कोशिश की। दुकानदार ने हिम्मत दिखाते हुए भाग रहे युवक को धर दबोचा। इस पर लूटेरा खुद को छुड़ाकर उक्त स्कूटी गाड़ी में बैठकर भागने लगा। लेकिन व्यवसायी द्वारा वाहन को जमकर पकड़ लिए जाने से वह घिसटते हुए गुरुद्वारा चौक के पार तक पहुंच गया। गाड़ी के जैसे ही ब्रेकर के पास रुकते ही स्थानीय लोगों की मदद से उक्त लूटेरे युवक को दबोच लिया गया और आक्रोशित लोगों ने उसकी जमकर धुनाई की। इस दौरान उक्त लुटेरे का साथी मौका देखकर फरार हो गया। इस भाग दौड़ में कपड़ा व्यवसायी सूरज के गाड़ी के साथ घिसटने से पैर में चोटें आई हैं। उसका पैर लहूलुहान हो गया। लोगों ने पकड़ में आए लूटेरे को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र में घटी उक्त घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त लुटेरे नगद राशि नहीं बल्कि दो टोपी लेकर भाग रहे हैं। जिसे लोगों द्वारा पकड़ लिया गया और उससे दोनों टोपी वापस ले ली गई है।

# बसंतपुर पुलिस के हत्थे चढ़ी सट्टा खिलाने वाली महिला

**○ महिला के कब्जे से 3 हजार रुपए नगद दो सट्टा-पट्टी एवं दो नग मोबाईल किया जप्त**
**0 लम्बे अरसे से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी को भी धर दबोचा, भेजा गया जेल**



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में सट्टा खिलाने वाली महिला को गिरफतार किया है इसके अलावा हो- हुड़दग करने वाले असामाजिक तत्व सहित लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी भी पुलिस के हत्थे चढ़े है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि उनके क्षेत्र में सट्टा अवैध शराब असामाजिक तत्वों के विरूद्ध लगातार पुलिस कार्य वाही जारी है। इस क्रम में रानी सागर समीप मजार के पास रहने वाली दुर्गा देवांगन पति रूपनारायण देवांगन उम्र 48 साल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 3 हजार रुपए नगद दो नग सट्टा पट्टी व दो नगर मोबाइल जब्त की है।

इसी तरह बसंतपुर पुलिस ने वारंटी सौरभ मानिकपुरी पिता नवेन्द्र मानिकपुरी उम्र 22 साल निवासी चौखड़िया पारा ,टेमन साहु पिता मनबोधी साहु उम्र 24 साल निवासी कन्हारपुरी को भी धर दबोचा है। इस क्रम में एक और अनावेदक- संतोष राजपुत पिता स्व0 रामसिह राजपुत उम्र 35 साल निवासी बासपारा थाना सिटी कोतवाली दुर्ग जिला दुर्ग भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) व पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में उनके स्वयं के नेतृत्व में असमाजिक तत्वो एवं शराब कोचियो व फरार वारंटीयों के विरूद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कडी में आज दिनांक को पर मुखबीर सूचना के आधार पर सट्टा खिलाने वाली आरोपिया दुर्गा देवांगन पति रूपनारायण देवांगन को पकड़ा गया। आरोपिया के खिलाफ अपराध क्र. 572/25 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि0 की धारा 6 की तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

इसी तरह थाना बसंतपुर के अपराध में लम्बे समय से फरार चल रहे वारंटी सौरभ मानिकपुरी पिता नवेन्द्र मानिकपुरी उम्र 22 साल निवासी चौखडिया पारा थाना बसंतपुर , टेमन साहु पिता मनबोधी साहु उम्र 24 साल निवासी कन्हारपुरी थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर अलग अलग न्यायालय में पेश किया गया।

### गुरुद्वारा चौक के पास हुड़दंग करने वाला भी धरा गया

बसंतपुर थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि गुरूद्वारा चौक के शहर के पास हो हुडदंग करने वाले अनावेदक संतोष राजपुत पिता स्व0 रामसिंह राजपुत उम्र 35 साल निवासी बासपारा थाना सिटी कोतवाली दुर्ग जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर माननीय एस डी एम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# कल से रायपुर में सनातन संस्कृति ज्ञान गंगा प्रवाह

**संत सुधांशु महाराज एवं डॉ. अर्चिका दीदी के मुखारविंद से 4 से 7 दिसंबर तक प्रवचन, राजनांदगांव के हजारों शिष्य होंगे शामिल**



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सेवक परम सद्गुरु भक्त अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी, सचिव सौरभ खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा धन्य होगी। पूज्यपाद सद्गुरु के छत्तीसगढ़ आगमन पर पलक पावडे बिछाकर शिष्यगण प्रातः स्मरणीय विश्व विख्यात परम पूज्य संत सुधांशु महाराज एवं परम वंदनीय डॉ. अर्चिका दीदी के छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आगमन पर अगवानी करेंगे। सद्गुरु सुधांशु महाराज का छत्तीसगढ़ के शिष्यों के प्रति अगाध स्नेह एवं प्रेम ही है कि सद्गुरू अपने शिष्यों की शुध एवं हाल-चाल जानने अपने शिष्यों के मनोभाव के प्रेम से ओतप्रोत शिष्यों में अपनी छत्रछाया में नवजागरण का संचार करते हुए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम बूढ़ा तालाब में अपनी छत्रछाया में चार दिवसीय 4 से 7 दिसंबर तक प्रतिदिन सनातन संस्कृति ज्ञान गंगा प्रवाह, राष्ट्रभक्ति पथ, साधक भक्ति पथ, जीवन प्रवाह पथ, स्वस्थ कायापथ, सेवा पथ का ज्ञानामृत प्रात 9 से 11:30 तक एवं संध्या 5 से संध्या 7:30 बजे तक करेंगे एवं मंत्र दीक्षा 7 दिसंबर को प्रातः 11 होगी। पूज्यवर सद्गुरु सुधांशु महाराज के दर्शन एवं सद्गुरु मिलन के अद्भुत अविस्मरणीय अलौकिक पल को अपने जीवन में उतारकर राजनांदगांव के हजारों सद्गुरु शिष्य 4 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम रायपुर के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से प्रातः प्रस्थान करेंगे और पूज्यपाद सद्गुरु के मुखारविंद से सनातन संस्कृति ज्ञान गंगा प्रवाह की अमृत रस धारा में डुबक-डुबककर शिष्य डुबकी लगाएंगे। सद्गुरु के दिखाए सेवा पथ पर चलकर सेवा में समर्पित भाव से सेवा में समर्पित सेवक बनकर सेवा करेंगे। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

# महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में योग–जीवन जीने की कला की 25वीं कड़ी आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। जिला शिक्षाधिकारी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में पतंजलि योग समिति द्वारा विद्यालयों में आयोजित योग–जीवन जीने की कला श्रृंखला की 25वीं कड़ी के अंतर्गत आज महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, पुराना रेस्ट हाउस के सामने में महत्वपूर्ण सत्र का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के पश्चात छात्र-छात्राओं को योग एवं जीवन प्रबंधन पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आसन, प्राणायाम एवं ध्यान के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने 'होश और सजगता ही प्रकाश है–यही ध्यान है' विषय पर बच्चों को सरल, प्रभावी और व्यवहारिक तरीके से ध्यान के लाभ समझाए।

**छात्र-छात्राओं को योग और जीवन प्रबंधन पर मिला प्रेरक मार्गदर्शन, एकाग्रता पर दिया गया जोर**

0 मानसिक शांति और ऊर्जा का अनुभव

छात्र-छात्राओं को परमपिता के निजनाम 'ओम' का उच्चारण कराया गया। जिससे बच्चों ने मानसिक शांति, एकाग्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा के लाभों को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया। स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में विद्यार्थियों को संतुलित आहार, पानी पीने का उचित समय एवं मात्रा, भोजन से पहले-पश्चात अनुसरण करने योग्य नियमों तथा दैनिक दिनचर्या को अनुशासित रूप से अपनाने पर उपयोगी सुझाव दिए गए। बच्चों को यह भी समझाया गया कि जिंदगी सरल है, कठिन हम स्वयं बनाते हैं। ऊर्जा के महत्व पर प्रेरक संदेश देते हुए बताया गया कि जीवन के हर कार्य का आधार ऊर्जा है और यदि संकल्प तथा कार्य श्रेष्ठ हों, तो परिणाम भी निश्चित रूप से श्रेष्ठ मिलते हैं। कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति के हेमन्त तिवारी एवं दिलीप कुमार राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती पूर्णिमा शुक्ला, आर.के. सलामे, आर.सी. चौधरी, एल. आर. मात्रा सहित समस्त स्टाफ और पी.टी.आई. सरीन की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# झिल्ली पन्नी पर प्रतिबंध लगाने नंदई एवं तुलसीपुर पहुँची निगम की टीम



**5 हजार रूपये जुर्माना, 5 किलो झिल्ली पन्नी की जप्ती**

राजनांदगांव (दावा)। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वालों पर कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज झिल्ली पन्नी का विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर बजाज प्लास्टिक गंज चौक तथा नंदई व तुलसीपुर के किराना दुकान के 10 व्यवसायियों पर कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये जुर्माना वसूल कर लगभग 5 किलो पालीथिन जप्त करने की कार्यवाही किये।

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ साथ मानव जीवन सहित जीव जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है, नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। शासन मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने प्रतिदिन समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही की कडी में आज गंज चौक स्थित बजाज प्लांटिक से 5 सौ ग्राम प्लास्टिक जप्त कर 5 सौ रूपये जुर्माना लगाए। इसी प्रकार नंदई चौक के 4 किराना दुकान एवं तुलसीपुर के 5 किराना दुकान से 4 किलो 5 सौ ग्राम पालिथीन जप्त कर 4 हजार 4 सौ रूपये अर्थदण्ड वसूला गया। उन्होंने कहा कि निगम की टीम प्रतिदिन शहर में घूम घूमकर व्यवसायियों एवं नागरिकों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है। अपालन पर कार्यवाही कर रहे है, उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी।

आयुक्त विश्वकर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि, अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करें तथा सडे गले फल व खाद्य पदार्थो का विक्रय न करें। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे का थैला लेकर निकले तथा अपने लोगों को भी इसके लिये समझाईस देवे, ताकि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

# समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना से किसानों के सपने हो रहे पूरे



राजनांदगांव (दावा)। शासन की किसान हितैषी योजनाओं से जिले के किसानों का खेती-किसानी के रकबे में वृद्धि और सपने पूरे हो रहे है। ग्राम बरगाही के किसान सेवक राम साहू आज 190 क्विंटल धान बिक्री करने धान उपार्जन केन्द्र ढाबा पहुंचे थे। किसान सेवक राम बहुत खुश नजर आ रहे थे। वे शासन द्वारा धान खरीदी शुरूआत होने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से उनका सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से इच्छा थी कि वे एक नया घर बनाएंगे। इस वर्ष की धान बिक्री से उनका नया घर बन जाएगा। किसान सेवक ने बताया कि उनका एक-एक सपना पूरा हो रहा है। पिछले वर्ष की धान बिक्री से उन्होंने खेती-किसानी में निवेश करते हुए खेती जमीन खरीदा था। जिसमें अच्छा उत्पादन हुआ है और लाभान्वित भी होंगे। उन्होंने बताया कि उनके पास 60 एकड़ खेती जमीन है। उन्होंने ऑनलाईन के माध्यम से घर बैठे टोकन तुंहर हाथ एप्प से टोकन कटवाया था। पिछले वर्ष की धान खरीदी से उन्हें अच्छा लाभ मिला था। किसान सेवक राम ने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसान आधुनिक और तकनीकी कृषि को अपना रहे हैं। इसके साथ ही अपने कृषि भूमि में राशि को निवेश कर रहे है। किसानों के खेती-किसानी का उत्पादन क्षमता में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि समय पर किसानों को सोसायटी के माध्यम से कृषि कार्य के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज और अन्य कार्यों के लिए ऋण मिल जाता है।

ग्राम बरगाही के किसान सेवक राम साहू ने कहा कि समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी से किसानों को उनके उत्पादन का अच्छा प्रतिफल मिल रहा है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। किसानों की आर्थिक मजबूती से अपने इच्छाओं और अपने परिवार को अच्छी सुख-समृद्धि देने के लिए सक्षम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र ढाबा में पारदर्शी और सुगमता से खरीदी होने से किसान बहुत संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन टोकन मिलने से धान बिक्री करना आसान हो गया है। पहले टोकन जारी होने के लिए सोसायटी में घंटों इंतजार करना पड़ता था, अब डिजिटल व्यवस्था से किसानों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में नमी परीक्षण, बारदाना उपलब्धता, धान भराई, तौल और पर्ची सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध और बिना किसी परेशानी के संपन्न हुई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

## अनमोल दावा

> सभी प्राणियों के प्रति सद्भाव स्वयं के लिए भी कल्याण का कारण है।

## सभी समझें संविधान का सामर्थ्य, न होने पाए मनमानी व्याख्या

प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में संविधान दिवस की शुरुआत की, ताकि लोग इसके महत्व को समझें। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जिसमें संशोधन की गुंजाइश है, पर विपक्ष इसे खतरे में बता रहा है। अतीत में इसका दुरुपयोग हुआ है, जैसे आपातकाल में। आरक्षण सामाजिक न्याय का माध्यम है, पर इसे वोट बैंक नहीं बनाना चाहिए। नागरिकों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत रहना चाहिए। पिछले दिनों संसद के सेंट्रल हाल से लेकर अन्य स्थानों पर जो संविधान दिवस मनाया गया, उसकी शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 से की थी। उन्होंने संविधान दिवस मनाना इसलिए आवश्यक समझा, ताकि देशवासी उसके मूल्यों और महत्ता से परिचित हो सकें। आज यदि भारत एक सफल लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है तो इसके पीछे एक बड़ा योगदान हमारे संविधान का है।

संविधान की शक्ति ने ही देश को एकसूत्र में बांधकर रखा है। संविधान एक लंबी और श्रमसाध्य प्रक्रिया का परिणाम था। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है और उसमें देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप संशोधन करने की गुंजाइश है। इसीलिए उसमें अब तक सौ से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं। ये संशोधन सभी दलों की सरकारों ने किए हैं। यह स्पष्ट ही है कि आगे भी आवश्यकतानुसार संशोधन होते रहेंगे, लेकिन यह विचित्र है कि पिछले कुछ समय से कई विपक्षी नेता उसे पत्थर की लकीर की तरह पेश करने में लगे हुए हैं। वे संविधान खतरे में है का शोर मचाते हैं। सबसे अधिक शोर कांग्रेस नेता राहुल गांधी मचा रहे हैं। वे संकीर्ण राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं। संविधान को खतरे में दिखाने के लिए वे जब-तब उसकी प्रति लहराते रहते हैं। यह एक शिगूफा ही है, क्योंकि वे उसी संविधान की ताकत से सांसद और नेता विपक्ष हैं, जिसे खतरे में बताते हैं। वे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को भी निशाने पर लिए हुए हैं, जो मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का अपना संवैधानिक काम कर रहा है। सच तो यह है कि यह राहुल गांधी ही हैं, जो संविधान को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं।संविधान की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग उसकी भावना के अनुरूप किया जाता है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अतीत में संविधान का दुरुपयोग और उसका मनमाना इस्तेमाल किया गया। 1975 में जब देश पर आपातकाल थोपा गया तो न केवल उसका निरादर किया गया, बल्कि उसका मनचाहा इस्तेमाल भी किया गया। जब भी संविधान का इस्तेमाल मनमाने तरीके से किया जाएगा, उसकी शक्ति क्षीण होगी। यदि राजनीतिक दल अपने स्वार्थों के लिए संविधान का इस्तेमाल करेंगे तो इससे कहीं न कहीं जनता के हितों की भी अनदेखी होगी।

यह किसी से छिपा नहीं कि इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए संविधान की अनदेखी कर जो आपातकाल लगाया, उसके दुष्परिणाम आम जनता को भी भोगने पड़े। संविधान की सार्थकता बढ़ाने के लिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी कार्य संविधानसम्मत ढंग से हों। यह भी आवश्यक है कि संविधान के प्रविधानों की मनमानी व्याख्या को रोका जाए। अपने देश में किस तरह संवैधानिक मामलों की मनचाही व्याख्या होती रहती है, इसका एक उदाहरण है आरक्षण। आरक्षण सामाजिक रूप से कमजोर-पिछड़े तबके के उत्थान के लिए संविधानप्रदत्त व्यवस्था है। इस तबके के उत्थान और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण को आगे भी जारी रखने की आवश्यकता है।

# देश में तर्क से ज्यादा मजबूत है अंधविश्वास

**देवी एम. चेरियन**

**ऐसे देश में जहां लोग शनिवार को अपने नाखून 7 नहीं काटते या तीन ज्योतिषियों और पड़ोस की आंटी से पूछे बिना प्रॉपर्टी नहीं खरीदते, यह मानना बिल्कुल नादानी होगी कि भारतीय नेता, क्रिकेटर और फिल्म स्टार सिर्फ लॉजिक से चलते हैं। पावर पॉलिसी से, टैलेंट ट्रेनिंग से और फेम कड़ी मेहनत से मिल सकती है लेकिन पर्दे के पीछे कहीं, अभी भी एक छोटा नारियल तोड़ा जा रहा है, दरवाजे पर एक नींबू रखा जा रहा है और बस किसी भी स्थिति के लिए प्रार्थना फुसफुसाई जा रही है। चलिए राजनीति से शुरू करते हैं। गंभीर चेहरों, लंबे भाषणों और अजीब समय पर लिए गए फैसलों की दुनिया देखिए। यह कोई सीक्रेट नहीं है कि नरेंद्र मोदी, एक मजबूत और निर्णय लेने वाले नेता के तौर पर देखे जाने के बावजूद, आध्यात्मिक प्रक्रिया में गहराई से जुड़े हुए हैं। बड़े राजनीतिक मौकों से पहले केदारनाथ, काशी विश्वनाथ और दूसरी पवित्र जगहों पर उनके दौरे दूर-दूर तक जाने जाते हैं। जहां समर्थक आस्था देखते हैं, वहीं आलोचक रणनीति देखते हैं लेकिन किसी भी तरह से, देश ने देखा है कि उनके करियर के अहम दौर अक्सर भगवान को चुपचाप प्रणाम करने से शुरू होते हैं।**

इसी तरह, भारत में लंबे समय से सुना जा रहा है कि अलग-अलग पार्टियों के नेता चुनाव से पहले चुपचाप ज्योतिषियों से सलाह लेते हैं। इंदिरा गांधी जैसी पुरानी नेता खुले तौर पर आध्यात्मिक सलाह लेती थीं और यह सब जानते हैं कि ज्योतिषियों ने कभी कांग्रेस की राजनीतिक प्लानिंग में भूमिका निभाई थी। कहा जाता है कि दिल्ली में ऑफिस को वास्तु शास्त्र के हिसाब से एक से ज्यादा बार रीडिजाइन किया गया है। दीवारें बदली गई हैं, शीशे लगाए गए हैं, फव्वारे लगाए गए हैं। हैं। यह सब यह पका करने के लिए किया गया है कि राजनीतिक एनर्जी उत्तर-पूर्व की ओर बहे और मुसीबत में न पड़े।



नेता हर इंटरव्यू में इससे इंकार करेंगे लेकिन फिर भी पार्लियामेंट कॉम्प्लैक्स में धीरे-धीरे और सावधानी से कदम रखते हुए जाएंगे जैसे कि फर्श खुद ही बुरी किस्मत के प्रति सैंसिटिव हो।

अगर राजनीति ड्रामा है तो क्रिकेट भाव है। और अगर कोई ऐसा मैदान है जहां अंधविश्वास सच में स्टेडियम की लाइट से ज्यादा चमकता है तो वह क्रिकेट पिच है। सचिन तेंदुलकर अपना बायां पैड पहले पहनने के लिए मशहूर थे। भगवान या इत्तेफाक, किसी ने भी ऑर्डर बदलने की हिम्मत नहीं की। धोनी जो बाहर से बर्फ की तरह ठंडे हैं, मिलिट्री डिसिप्लिन के साथ रूटीन पर टिके रहने के लिए भी जाने जाते हैं। एक समय में उनके लंबे बाल सिर्फ एक स्टाइल नहीं थे। फैंस का मानना था कि यह टीम इंडिया के लिए किसी लवकी चार्म से कम नहीं है।

फिर विराट कोहली हैं, जिन्हें बड़े टूर्नामेंट से पहले मंदिरों में जाते, पवित्र धागे बांधते और यह पक्का करते देखा गया है कि कुछ आध्यात्मिक आदतें उनकी जिंदगी का हिस्सा बनी रहें। और कौन भूल सकता है कि कैसे पूरा देश अचानक अच्छी वाइब्स में विश्वास करने लगा जब अनुष्का शर्मा को टेंशन वाले मैचों के दौरान स्टैंड्स में मैडिटेशन करते देखा गया। अगर इंडिया जीता तो लोग मजाक में कहते थे कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि बॉलर तक 'पॉजिटिव योग एनर्जी' पहुंच गई थी।

सबसे निडर बॉलर और हिटर के दिमाग में भी अनदेखी लिस्ट होती है। वही मोजे, वही ग्लव्स, वही वार्म अप प्लेलिस्ट, पिच तक जाने का वही रास्ता तय होता है। रास्ता बदलो और अचानक विकेट गिर जाता है। साइंस भले ही हंसे लेकिन क्रिकेट फैंस इस पर आपसे लड़ेंगे।

और अब हम बॉलीवुड पर आते हैं। एक ऐसी दुनिया जो डायरैक्टर नहीं बल्कि स्टार चलाते हैं। स्क्रीन पर भी और आसमान में भी। अजय देवगन लंबे समय से नंबर 9 से जुड़े रहे हैं, उन्होंने अपनी कई फिल्में इसी तारीख को रिलीज की हैं क्योंकि न्यूमरोलॉजी इसे पसंद करती है। एकता कपूर ने अपने शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के टाइटल में एक्स्ट्रा अक्षर इसलिए जोड़े क्योंकि उनके न्यूमरोलॉजिस्ट ने सलाह दी थी कि ऐसा सफलता के लिए एक बूस्टर शॉट है। और उस फार्मूले से कौन बहस कर सकता है जिसने सालों तक इंडियन टैलीविजन पर राज किया। शाहरुख खान अपनी गहरी आस्था के लिए जाने जाते हैं और अक्सर बड़ी रिलीज से पहले धार्मिक जगहों पर जाते हैं। सलमान खान, जिनके करियर ने बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं, वे भी प्रोटैक्टिव चार्म रखने के लिए जाने जाते हैं। डिसिप्लिन और इंटैलिजेंस के सिंबल अमिताभ बच्चन के बारे में कहा जाता है कि वे रैगुलर एस्ट्रोलॉजर से सलाह लेते हैं और कुछ खास रत्नों में उनकी गहरी आस्था है।

हाइटैक कैमरों और इंटरनैशनल क्रू वाले मॉडर्न सैट पर भी 'मुहूर्त' शब्द आज भी मौजूद है। फिल्म

के पहले शॉट को आशीर्वाद दिया जाता है, क्लैपबोर्ड को एक पवित्र चीज की तरह माना जाता है और एक प्रोड्यूसर नहीं, पुजारी प्रोजैक्ट शुरू करता है। इसके बिना, सबसे एडवांस्ड कैमरा भी पलक झपकाने से मना कर देता है।

इस सब की कॉमेडी यह है कि अंधविश्वास अब लगभग फैशन बन गया है। फिल्मों के टाइटल नंबरों की वजह से बदलते हैं, घर दिशाओं की वजह से चुने जाते हैं, कारें कलर कॉम्बिनेशन की वजह से खरीदी जाती हैं और मोबाइल नंबर-नैटवर्क के लिए नहीं बल्कि 'शुभ योग' के लिए चुने जाते हैं। डिजाइनर सनग्लास और सिक्योरिटी गार्ड के पीछे, पावर और पैसे के पीछे, आज भी एक आम इंसान है जो इस अनप्रिडिक्टेबल दुनिया में तसल्ली ढूंढ रहा है।

जब लाखों लोग आपके फैसलों पर निर्भर हों, जब कैमरे आपको कभी न छोड़ें, जब एक छोटी सी गलती कल की हैडलाइन बन जाए तो थोड़ी ज्यादा सुरक्षा की चाहत रखना इंसानी फितरत है, भले ही वह कलाई पर बंधे लाल धागे के रूप में हो। आखिर में, अंधविश्वास जादू के बारे में नहीं है। यह कंट्रोल के बारे में है। मन और दुनिया के बीच एक चुपचाप किया गया समझौता है कि 'तुम मेरी मदद करो और मैं तुम पर विश्वास करूंगा।' और भारत जैसे देश में, जहां विश्वास तर्क से ज्यादा मजबूत है और उम्मीद डर से ज्यादा मजबूत है, शायद अंधविश्वास कोई कमजोरी ही नहीं है।

## विचार सरिता

# पास पड़ोस में : कवि कुमार और उनकी पत्नी तथा चंद्रलोक की सड़कों पर सैर

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आधुनिक सभ्यता और विकास के युग में नए-नए फ्लाईओवर बनते हैं।सड़के चौड़ी होती हैं। इस तरह से बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप विभिन्न संसाधनों और लोगों की सुविधा में विस्तार देने का प्रयास किया जाता है।

कवि कुमार को पिछले दिनों अपने शहर के बाहर कवि सम्मेलन के लिए एक कस्बे की यात्रा के दौरान बीच में विस्तारित हो रही सड़क के निर्माण कार्य के बीच से होकर गुजरना पड़ा। उनकी स्कूटी पर उनकी पत्नी रिमझिम भी विराजमान थीं।

उनकी गाड़ी आगे बढ़ रही थी और जब चमचमाती सड़क के बाद निर्माण कार्य स्थल के बीच-बीच में बने गड्ढों से अचानक झटके लगने शुरू हुए तो श्रीमती जी ने पीछे से चिल्लाया,

'देखकर क्यों नहीं चला रहे हैं ? आपकी गाड़ी को क्या हो गया है?'

कवि कुमार हेलमेट पहने हुए थे। जब गाड़ी चलती है तो हेलमेट पहने व्यक्ति को पीछे वाले व्यक्ति की बात ठीक तरह से सुनाई नहीं देती है। कवि जी ने समझा कि शायद उनकी पत्नी गाड़ी रोकने के लिए बोल रही है। उन्होंने तुरंत सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी कर दी।

'अब आपने यह गाड़ी क्यों रोक दी?' पत्नी जी ने पूछा।

'आपने ही तो रोकने के लिए कहा है।' कवि कुमार ने स्पष्टीकरण दिया।

'मैंने गाड़ी रोकने के लिए नहीं कहा।गाड़ी को इतने झटके क्यों लग रहे हैं, इसके बारे में कहा।' श्रीमती जी ने कवि कुमार की खिंचाई करना शुरू किया था।

'अब इसमें पूछने वाली क्या बात है वह तो आप देख ही रही हो कि सड़क का विस्तार किया जा रहा है और सड़क के दोनों ओर सफाई हो रही है तथा समतल जगह बनाई जा रही है। ऐसे निर्माण कार्य के दौरान सड़क समतल तो नहीं रह सकती है। अतः कहीं - कहीं पर हल्के गड्ढे भी बने हुए हैं।सुविधा चाहिए तो इतनी असुविधा तो उठानी ही पड़ेगी।ज्ज् कवि कुमार ने स्थिति की व्याख्या की।

'बस - बस, मैंने बातचीत में एक टिप्पणी की और आप उस पर लंबा चौड़ा स्पष्टीकरण देने लगे, जैसे आप ही सड़क खुदवा रहे हैं या फिर आप इस सड़क को बनाने वाली एजेंसी के कोई प्रवक्ता हैं।' श्रीमती रिमझिम ने अपने पति पर दूसरा तीर छोड़ा।

अभी दोनों के बीच यह नोंकझोंक आगे और जारी रहती, लेकिन तभी कंस्ट्रक्शन कंपनी का टैंकर सड़क के एक कोने से पानी छिड़कता हुआ तेजी से इधर ही आया। कवि कुमार ने फौरन मौके की नजाकत को समझा और रिमझिम को उन्होंने तुरंत बैठने का इशारा किया और फिर तेजी के साथ उस किनारे से बचते- बचाते आगे की ओर बढ़ चले।

मार्ग में एक जगह अस्थाई मार्ग डायवर्सन था। कवि की स्कूटी के आगे ट्रक और पीछे एक बस थी। सड़क में गिट्टी और मिट्टी के मिश्रण में गाड़ियों के चलने से बड़े-बड़े गड्ढे भी हो गए थे और इसमें एक दो जगह कवि की गाड़ी लहरा गई। कई गाड़ियां खतरनाक ढंग से चल रही थीं।

इस तरह मार्ग में बचते बचाते कवि और उनकी पत्नी जी गंतव्य तक पहुंचे। कवि सम्मेलन के आयोजक द्वार पर ही फूल माला लिए उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे।

गाड़ी से नीचे उतरते ही कवि कुमार ने पत्नी जी से पूछा, आपने मेरी कविता वाली डायरी रखी है कि नहीं?

'वह आपने मुझे कब रखने के लिए दी थी? यह तो आपको याद रखना चाहिए।' श्रीमती जी ने कहा।

मुस्कुराते हुए कवि ने कहा, 'कोई बात नहीं श्रीमती जी! वैसे आज डायरी की आवश्यकता नहीं है। यात्रा में जो अनुभव हमें हुआ, उसी से एक मजेदार कविता बन जाएगी और श्रोताओं को पसंद भी आएगी।'

आज कवि कुमार श्रृंगार और वीर रस की कविताएं सुनाने वाले थे लेकिन उनकी और उनकी श्रीमती जी के कपड़ों की जो हालत हुई थी,उसे देखकर उन्होंने हास्य कविता सुनाने की सोची।

मंच संचालक ने उनके नाम की घोषणा की और कवि कुमार शुरू हो गए।

### शब्द सामर्थ्य -245

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. खवाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदिनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 244 का हल

## सामयिक चर्चा

### निरीक्षण के साथ आत्म निरीक्षण भी करें

बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
आज निरीक्षण की खबर -
हमारे जिले की पुलिस अधीक्षक
सुश्री अंकिता शर्मा ने
शनिवार की रात्रि ग्यारह बजे
सोमनी थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया।
उन्होंने घूम-घूम कर
थाने का जायजा लिया।
तथा पुलिस कक्ष सहित
पुलिस क्वार्टर का निरीक्षण करती हुई,
थाना प्रभारी अरूण नामदेव को
आवश्यक निर्देश भी दिया।
सोमनी थाना प्रभारी नामदेव ने बताया -
वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा
किये गये ऐसे आकस्मिक निरीक्षण का उद्देश्य
पुलिस जवानों एवं कर्मचारियों में
अनुशासन एवं कार्यक्षमता में वृद्धि करना हैं।''
गजाधर ऐसे आकस्मिक निरीक्षण पर
आपका क्या कहना है?''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
आकस्मिक निरीक्षण अच्छी बात है।
इसमें पूरे थानों की सजगता साथ है।
पर इस समय हम एक बात और कहेंगे
कि अगर, समय-समय पर
अफसर भी अपना आत्म निरीक्षण करेंगे
तो फिर विभाग और भी
चौकस, चुस्त, दुरूस्त रहेगा।
और अधिकारी और कर्मचारी सब
अपने-अपने काम को और भी
लगन परिश्रम और ईमानदारी से
दिन रात करते रहेंगे।''
सोमवार 1 दिसम्बर 2025



गिरीश बख्शी

## ग़ज़ल

### जे अलगाए हें

सुरता करे का बाद मरे के,
जीयत मा जौन अलगाये हें।
जीयन नइ दिन चैन से जेमन,
मरे मा मीठ-मीठ गोठियाए हें।।
नइ जानेन उँकरो मीठ बोली,
अब झरत हें मंदरस कस।
जरत चिता के आगू मोला,
भल-मानुस बताये हें।।
भींजत रहेंव बरसत पानी,
नइ ठाठ होवन दीन
ओरछा मा।
राम-रमउवा नी मिलिस जिहाँ,
तिहाँ खात-खवई सौंपाये हें।।
मन बर कभू जी नइ पायेन
जानत हन मर गेन रीत मा।
पिरित भुलाइन जीयत मा,
ते मरघट्टी रीत निभाये हें।।
माँथ धरथस गाँव के माटी,
लागिन उँनला तोर गलती।
खूँद-खूँद जउन डोंगा बोरिन,
ऊँचहा पीड़ा तउन पाये हें।।
काबर रेंगबोन मुड़ नवा के,
पय-पाखर ऊंखर जानत हन।
सोझ-सोझ ला जे काँटिन,
तौन राम-रमउवा पाये हें।।
पाँव पुट चलथें दाँव तभोले,
बड़ मानी पीथस तँय ''रोशन''।
गोड़ तरी के तोर भुइँया ला,
खने-कोड़े बर जौन जुरियाये हें।।



रोशन साहू 'मोखला'
(राजनांदगांव)

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। काम को लेकर मेहनत भी अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी आप हिम्मत नहीं हारेंगे। आप किसी नए काम को करने की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।



**वृष राशि**

आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने कामों को पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे और आपके अनुभवों का आपको पूरा लाभ मिलेगा। किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको यदि कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हो, तो आप उसको लेकर पूरा धैर्य दिखाएं।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको काम को लेकर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। आपकी कोई बात बनते बनते बिगड़ सकती है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई लिखाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छी सफलता हासिल होगी। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। पारिवारिक जीवन में कुछ उथल-पुथल बनी रहेगी, जिससे आपको थोड़ी टेंशन भी रहेगी।धन को लेकर आप किसी से समझौता बिल्कुल ना करें, क्योंकि आपके उस धन के वापस मिलने की संभावना बहुत कम है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।



**कन्या**

आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा, क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी कोई बात बनते बनते बिगड़ सकती हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप सरकारी योजनाओं में धन लगाएंगे, उसमें आपको अच्छे सफलता मिलेगी। वाहनों की अक्समात खराबी के कारण आपका खर्च बढ़ने की संभावना है।



**वृश्चिक**

आज आपके कुछ विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर सकते हैं। आज आप अपने प्रभाव से लोगों को कम दिखाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई तनाव था, तो वह भी दूर होगा। आप अपनी आंखों का खास ख्याल रखें, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्या उभरेगी।



**धनु**

आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी और किसी नई नौकरी के लिए आपको बुलावा आ सकता है। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को करने में काफी धन व्यय करेंगे, जो बाद में आपकी मुश्किलों को बढ़ाएगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



**मकर**

आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपने धन और समय दोनों का सदुपयोग करें, नहीं तो बाद में आपको धन की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानकर चलना होगा, क्योंकि कुछ आपके मित्र के रूप में आपके शत्रु हो सकते हैं।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा और आप अपनी संतान को कहीं पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को अच्छी सफलता हासिल होगी।



**मीन**

आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी और आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है, क्योंकि आप अपने कामों को लेकर थोड़ी जल्दबाजी दिखा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में आपको थोड़ा धैर्य संयम बनाए रखना होगा।

# सोनिया-राहुल के खिलाफ एफआईआर का विरोध : खैरागढ़ में आज पुतला दहन



**कांग्रेस का आरोप : केंद्र सरकार राजनीतिक विद्वेष के चलते संवैधानिक संस्थाओं का कर रही दुरुपयोग**

खैरागढ़ (दावा)। केन्द्र सरकार द्वारा राजनीतिक विद्वेष के चलते कांग्रेस नेतृत्व पर की जा रही कथित कार्रवाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तथा शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 2 दिसंबर को टेम्पो चौक पुराना बस स्टैंड खैरागढ़ में प्रधानमंत्री एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पुतला दहन किया जाएगा। कांग्रेस संगठन का आरोप है कि, केन्द्र की मोदी सरकार सत्ता के दुरुपयोग से विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रही है। पार्टी का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संवैधानिक संस्थाओं का गलत उपयोग कर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश अनुसार प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन का कार्यक्रम तय किया गया है। इसी क्रम में खैरागढ़ में भी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर केंद्र सरकार की कार्रवाई का विरोध दर्ज कराएंगे। जिला, ब्लॉक और शहर कांग्रेस कमेटियों ने संयुक्त रूप से कार्यकर्ताओं, प्रदेश पदाधिकारियों, विधायक, पूर्व विधायक, नगर एवं पंचायत प्रतिनिधियों, मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और सोशल मीडिया टीम सहित बड़े स्तर पर सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि विरोध प्रदर्शन को व्यापक स्वरूप दिया जा सके। जिला अध्यक्ष कोमल दास साहू ने कहा कि यह आंदोलन लोकतांत्रिक मूल्यों एवं विपक्ष की आवाज़ को दबाने के प्रयासों के खिलाफ है। कांग्रेस ने साफ कहा है कि यदि केंद्र सरकार ने इस प्रकार की कार्रवाई बंद नहीं की तो विरोध और तेज किया जाएगा।

# दवा आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ बनाने हेतु फार्मासिस्ट प्रभारियों का प्रशिक्षण आयोजित



**सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा ने स्टॉक प्रबंधन और समयबद्ध आपूर्ति पर दिया जोर**

खैरागढ़ (दावा)। जिले में दवा आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में फार्मासिस्ट प्रभारियों के लिए 'सप्लाई चेन मैनेजमेंट' विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने की।

जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से आए फार्मासिस्ट प्रभारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दवा आपूर्ति प्रक्रिया को बेहतर बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा की। कार्यशाला में प्रभावी स्टॉक प्रबंधन, भंडारण के मानक, सुरक्षा उपाय, फिफो/फेफो सिद्धांतों का सही उपयोग, ऑनलाइन इंडेंटिंग की प्रक्रिया तथा दवा वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने जैसे विषयों को विस्तार से समझाया गया। प्रतिभागियों को समयबद्ध एवं आवश्यकता आधारित आपूर्ति की अनिवार्यता पर भी विशेष मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान डॉ. आशीष शर्मा ने फार्मासिस्ट प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से स्टॉक की समीक्षा करें। समय पर मांग पत्र भेजें और यदि किसी प्रकार की समस्या या कमी उत्पन्न हो तो तुरंत उच्च कार्यालय को अवगत कराएँ। उन्होंने कहा कि दवा आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती सीधे रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को प्रभावित करती है, इसलिए जिम्मेदार अधिकारी अधिक सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। कार्यशाला के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने अपनी शंकाएं रखीं। जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में दवा आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाना था। जिसे प्रतिभागियों के सक्रिय सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सोनल ध्रुव, जिला स्टोर प्रभारी डॉ. बोधन सिंह परते, प्रभारी जिला स्टोर फार्मासिस्ट ग्रिजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-2 का हुआ भव्य समापन, बालोद ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीती



राजनांदगांव (दावा)। पशु चिकित्सकों में आपसी सामंजस्य, भाईचारा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित एक दिवसीय सद्भावना क्रिकेट लीग सीजन-2 का सफल समापन हुआ। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और बालोद इन चार जिलों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और पूरे दिन मैदान में रोमांच का माहौल बना रहा। मुख्य अतिथि दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि सभी पशु चिकित्सकों को एकजुट करके खेल में जोड़ना सराहनीय है। उन्होंने आयोजन समिति और खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि श्यह कॉलेज और मैदान आप सबका है, ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए।

उद्घाटन सत्र में पशु चिकित्सा विभाग के संचालक चंद्रकांत वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान कृष्ण की छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने आने वाले वर्षों में इस आयोजन को तीन दिन तक विस्तारित कर अधिक जिलों को जोड़ने का सुझाव दिया।

प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ डॉ. अशोक कुमार पटेल ने कहा कि इस वर्ष चार जिलों की भागीदारी उत्साहजनक रही। हमारा उद्देश्य डॉक्टरों में शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और कार्य-जीवन संतुलन को मजबूत करना है। अगामी वर्ष प्रतियोगिता को और व्यापक रूप देने की योजना है। दुर्ग और बालोद के बीच हुए फाइनल मैच में दुर्ग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 86 रन बनाए। जवाब में बालोद की टीम ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए 11 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया और पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। रायपुर और राजनांदगांव ने क्रमशः तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज डॉ. उमेश बघेल, बेस्ट बैट्समैन डॉ. निर्मल चेलक, बेस्ट बॉलर डॉ. रोशन कश्यप और बेस्ट विकेटकीपर डॉ. पदम जैन चुने गए। पूरे दिन दर्शकों की भारी भीड़ मैदान के चारों ओर उमड़ी रही। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. रविंद्र चौरसिया, डॉ. बी. मुखोपाध्याय, डॉ. सुरेंद्र नायक, डॉ. भुवन नायक, डॉ. तरुण रामटेके, डॉ. सोमेश जोशी और डॉ. आदित्य चंद्राकर को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कमेंट्री पैनल में डॉ. पदम जैन, डॉ. रामपाल टंडन और डॉ. संतोष आदिल ने लगातार रोमांचक कमेंट्री कर माहौल को जीवंत बनाए रखा। कार्यक्रम के दौरान कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, उप संचालक दुर्ग डॉ. एसएस सहस्त्रबुद्धे तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के डॉ. एके संत्रा भी उपस्थित रहे। सद्भावना क्रिकेट लीग का यह सफल आयोजन प्रदेश के पशु चिकित्सकों में आपसी एकता और खेल भावना को मजबूत करता नजर आया।

# पहला कॉलम...

## बीरूटोला में संकुल स्तरीय खेल में जुटेंगे स्कूली बच्चे

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के समीपस्थ ग्राम बीरूटोला में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के स्कूली बच्चों का संकूल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 2 और 3 दिसंबर को किया जा रहा है। इस आयोजन में साल्हे संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय स्कूलों के बच्चे हिस्सा लेंगे. इस दौरान खो खो, कबड्डी, दौड़, रिले रेस, कुर्सी दौड़, आलू दौड़, चम्मच दौड़ सहित अनेक खेलों का आयोजन होगा जिसमें समीपस्थ ग्रामीणों की उपस्थिति रहेगी।

## महाविद्यालय डोंगरगांव में मनाया गया विश्व एड्स दिवस



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. ए.के. धमगाये के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। आयोजन में सर्वप्रथम उद्बोधन में प्राचार्य ने एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण सावधानियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इसी कड़ी में कार्यक्रम अधिकारी प्रियांकी गजभिए ने एड्स के लक्षण एवं उनके बचाव पर चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशाराम साहू के द्वारा एचआईवी एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने एवं जागरूकता के प्रसार का संदेश दिया। अंत में प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स की जनजागरूकता संबंधी शपथ दिलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में रासेयो प्रभारी साथ ही समस्त स्वयं सेवक, महाविद्यालय के विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों में नागेश्वर ठाकुर, सरस कुमार, प्रशांत कुमार, नीरज यादव, आकाश, चंद्रशेखर, भूपेश जांगड़े, लुमेश्वर, डोमेश्वरी साहू, पुष्पांजलि, टेमीका साहू, रेशमी साहू आदि का आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

## पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल से मिलने पहुंचे केसीजी जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष कोमल साहू



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी के नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल से उनके भिलाई स्थित निवास में मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ भूवनेश्वर बघेल, राजा गिरीराज किशोर दास, नगर पंचायत गंडई अध्यक्ष टाकेश्वर शाह खुशरो, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भिखमचंद छाजेड़, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती रींकू महोबिया, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, सुरजीत ठाकुर, पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष दशमत जंघेल, अरशद हुसैन, उत्तम ठाकुर, सुरेन्द्र सोलंकी, जितेन्द्र सिंह गौर, किसन रजक, उतम जंघेल, रिंकू महोबिया, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गंडई भिगेश यादव, पार्षद मनीष कोचर, राजा सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 39 लाख का 1260 क्विंटल धान जप्त

मोहला(दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन में राजस्व एवं खाद्य विभाग द्वारा जिले में अवैध धान परिवहन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध धान की रोकथाम के लिए जिले में 9 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जिन पर कर्मचारियों की तैनाती कर चौकसी बढ़ाई गई है। इसके साथ ही खाद्य विभाग की टीम रात में विभिन्न चेक पोस्टों का नियमित दौरा कर निगरानी कर रही है। अब तक प्रशासन द्वारा 17 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। जिनमें से 4 प्रकरण दूसरे राज्यों से आने वाले धान के हैं और इन मामलों में तीन ट्रक तथा एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। वहीं कोचियों पर की गई लगातार कार्रवाई में 13 प्रकरण दर्ज हुए हैं।

# विधायक भोलाराम साहू ने भोलापुर एवं गहिराभेड़ी धान खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**किसानों की समस्याओं पर जताई गंभीर चिंता, लापरवाही बर्दाश्त नहीं, सरकार से त्वरित समाधान की मांग**



जोंधरा (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू ने मंगलवार को छुरिया विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले भोलापुर एवं गहिराभेड़ी धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान तौल व्यवस्था, टोकन प्रक्रिया और पूरी खरीदी प्रणाली का बारीकी से जायजा लिया और किसानों से सीधा संवाद किया। विधायक साहू ने किसानों से बात की, जिन्होंने बताया कि तौल व्यवस्था तो संतोषजनक है, लेकिन खरीदी प्रक्रिया में कई गंभीर दिक्कतें लगातार आ रही हैं।

### किसानों की प्रमुख समस्याएं

किसानों द्वारा विधायक साहू के सामने रखी गई प्रमुख समस्याएँ इस प्रकार हैं- किसानों को धान खरीदी की स्वीकृत मात्रा कम दी जा रही है। किसानों का वास्तविक कृषि रकबा अपेक्षा से कम दर्ज हो रहा है। ऑनलाइन टोकन कटने में लगातार दिक्कतें आ रही हैं, जिससे किसानों को लंबा इंतजार और अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### अनियमितता पर जताई गंभीर चिंता

विधायक भोलाराम साहू ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और धान खरीदी में हो रही इन अनियमितताओं को अत्यंत चिंताजनक बताया। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की, ताकि किसानों को उनके हक का वास्तविक लाभ मिल सके और खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, न्यायपूर्ण व सुचारू रूप से संचालित हो सके। विधायक साहू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मैं किसानों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाता रहूँगा और उनकी हर समस्या को गंभीरता से उठाता रहूँगा। निरीक्षण के दौरान राजकुमार सिन्हा (कार्यकारिणी अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया), पूरन नेताम (संयुक्त महामंत्री), श्रीमती प्रतिमा साहू (पूर्व जनपद सदस्य), रोशन साहू सहित बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीणजन और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने दिव्यांग जीवन लाल को दिया ट्राइसाइकिल, खिला चेहरा



**कभी लकड़ी के सहारे चलते थे, ट्राइसाइकिल मिलने से होगा सफर आसान**

मोहला (दावा)। जिला कार्यालय परिसर में आज एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला। जब विकासखंड मोहला के ग्राम मार्री जीवन लाल परतेती अपनी रोजमर्रा की पीड़ा और संघर्ष को शब्दों में समेटे हुए समाज कल्याण विभाग पहुंचे। वर्षों से चलने-फिरने में गंभीर कठिनाई झेल रहे जीवन लाल परतेती केवल एक लकड़ी के डंडे के सहारे चलने को मजबूर थे। यह डंडा उनका सहारा जरूर था, परंतु इसके साथ हर कदम दर्द, असुविधा और असहायता की याद भी लेकर आता था। दैनिक कार्य करना उनके लिए चुनौती बन चुका था। जैसे थोड़ी दूरी तक भी चल पाना कठिन, लगातार शारीरिक दर्द, संतुलन बनाए रखने में परेशानी, साधारण कामों में दूसरों पर निर्भरता एवं घर से बाहर निकलना भी जोखिम भरा रहता था। इसी पीड़ा को लेकर बंया करते जीवन लाल ने समाज कल्याण विभाग में आवेदन दिया। आवेदन देते समय उनकी आँखों में एक उम्मीद की चमक थी। शायद अब उन्हें वह सहायता मिल सके जिसकी वे लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। उनकी इस गहरी पीड़ा को समझते हुए समाज कल्याण विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत उनके द्वारा दिए आवेदन का तत्काल निराकरण किया। तत्पश्चात आज कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जीवन लाल परतेती को ट्राइसाइकिल तथा वॉकर प्रदान किया। उपकरण प्राप्त करते ही उनके चेहरे पर एक अलग ही खुशी और राहत की मुस्कान दिखने को मिली। लंबे समय से सहारे की तलाश कर रहे श्री परतेती ने उपकरण पाकर शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया और बताया कि यह सहायता उनके जीवन में नई रोशनी और आत्मनिर्भरता लेकर आई है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। यह ट्राइसाइकिल और वॉकर न केवल आपकी सुविधा बढ़ाएंगे, बल्कि आपको नए अवसर और आत्मविश्वास भी देंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग से अखिलेश तिवारी उपस्थित रहे।

# केसीजी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पल्सर मोटर सायकल से शराब परिवहन करते पकड़े गए आरोपी**



छुईखदान (दावा)। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) पुलिस टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार 1 दिसंबर को छुईखदान थाना क्षेत्र में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अपने मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 08 बीएफ 5752 से शराब का अवैध परिवहन करने वाले हैं। इस सूचना पर पुलिस ने बुढानभाठ रोड नहर नाली के पास छुईखदान में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की।

### जब्त सामग्री और आरोपी

रेड के दौरान पुलिस ने परमानंद वर्मा (पिता जयकरण वर्मा, उम्र 38 साल) और शैलेन्द्र मोहिले (पिता चंद्रेश कुमार मोहिले, उम्र 20 साल), दोनों निवासी ग्राम पिपरिया थाना खैरागढ़ जिला केसीजी को पकड़ा। चेक करने पर आरोपियों के पास से निम्नलिखित अवैध शराब और वाहन जब्त किए गए। जिसमें 20 पाव रोमिया देशी प्लेन शराब, 14 अद्धी शोले प्लेन शराब आदि परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल पल्सर (क्रमांक सीजी 08 बीएफ 5752) मौके पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बालोद में कानून का दम घुट रहा : पत्रकार को धमकी से प्रशासनिक अत्याचार का कुरूप चेहरा उजागर




**डौंडीलोहारा में अवैध कॉलोनी की खबर पर नायब तहसीलदार पर देख लेंगे की धमकी देने का आरोप, प्रशासन की साख पर गहरा सवाल**

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ का बालोद जिला इन दिनों एक ऐसी घटना के कारण सुर्खियों में है। जिसने लोकतांत्रिक व्यवस्था को शर्मसार कर दिया है। डौंडीलोहारा में अवैध समता कॉलोनी से जुड़ी खबर सामने आने के बाद दैनिक दावा के संवाददाता को कथित रूप से देख लेने की धमकी मिलने का मामला प्रशासनिक मशीनरी के निरंकुश होने का गंभीर संकेत देता है। दैनिक दावा संवाददाता की ओर से नायब तहसीलदार दीपक चंद्राकर के खिलाफ लगाए गए ये आरोप प्रशासन की साख को सीधी चुनौती देते हैं और पूरे तंत्र की तटस्थता पर गहरे सवाल खड़े करते हैं।

### पत्रकारिता के अधिकारों पर सीधा हमला

आरोप है कि अवैध कॉलोनी की रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद, संबंधित सरकारी अधिकारी द्वारा पत्रकार को फोन पर देख लेंगे कहा गया। यह शब्द सिर्फ एक धमकी नहीं है; यह लोकतंत्र की रीढ़–मीडिया–को तोडने् की मानसिकता और पत्रकारिता के अधिकारों पर सीधा हमला है। यह दर्शाता है कि कुछ अधिकारी खुद को कानून से ऊपर समझने लगे हैं। लेख में यह प्रश्न उठाया गया है कि क्या प्रशासन का काम भ्रष्टाचार को ढकना है या उसे उजागर करना? पत्रकारिता के पहरेदारों को डराने का यह प्रयास बताता है कि अधिकारी कानून के अनुयायी होने के बजाय, अपने पद की शक्ति के मद में चूर होकर जनता और मीडिया को ही डराने वाले सामंती चरित्र में ढल गए हैं।

### न्याय और सुरक्षा पर गंभीर चिंता

इस घटना को प्रशासन की आंतरिक सड़ांध का संकेत मानते हुए, यह सवाल किया गया है कि अगर दस्तावेज़ों और तथ्यों के साथ सवाल उठाने वाले पत्रकार को ही धमकी दी जा रही ह तो आम नागरिकों के लिए न्याय और सुरक्षा कितनी दूर की चीज होगी? यदि पत्रकार को संरक्षण की उम्मीद उसी तंत्र से करनी पड़े जिस पर आरोप लगाया गया है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। डौंडीलोहारा का यह मामला सिर्फ एक फोन कॉल का नहीं, बल्कि उस सिस्टम के चरित्र का आईना है जो अपने अधिकार को सत्ता मानता है और सच बोलने वालों को दुश्मन समझता है।

### कड़ी जांच की आवश्यकता

लेख में सिविल सेवा आचरण संहिता के उल्लंघन को लोकतंत्र की आत्मा पर चोट बताते हुए एक कड़ी, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया है। निष्कर्ष में कहा गया है कि यह मामला सिर्फ एक पत्रकार या एक अधिकारी का नहीं, बल्कि बालोद प्रशासन की विश्वसनीयता, न्यायिक जवाबदेही और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा का मामला है। प्रशासन को अब तय करना होगा कि यहां कानून चलेगा या सत्ता और शक्ति का आतंक।

# ग्राम पंचायत तुमडीबोड़ में मितानिन सम्मान दिवस सम्पन्न, उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मितानिनों को किया गया सम्मानित



राजनांदगांव(दावा)। डोंगरगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुमडीबोड़ में 1 दिसंबर को मितानिन सम्मान दिवस कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर योगदान देने वाली ग्राम की मितानिन बहनों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की मितानिन डिलेश्वरी साहू, राजकुमारी, प्रमिला श्रीवास्तव, ममता साहू, उषा साहू एवं पेमिन साहू को पारा मोहल्ले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु श्रीफल एवं उपहार भेंटकर सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू, उपसरपंच भूपेंद्र सोनवानी, सचिव येवेन्द्र कुमार साहू, पंच दिलीप श्रीवास्तव, जय साहू, मीना साहू, गीता साहू सहित अन्य पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने मितानिन बहनों की सेवाभावना की सराहना की और उनके कार्यों की प्रशंसा की।

## पहला कॉलम...

### चांदी 3500 रुपये महंगी, सोना भी 1200 उछला

नई दिल्ली। सोना-चांदी का भाव एक बार फिर गदर मचा रहा है. सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (रूष्टङ्क) पर खुलने के साथ ही चांदी की कीमत 3500 रुपये से ज्यादा उछल गई और अपने नए लाइफ टाइम हाई लेवल पर पहुंच गई. सिर्फ चांदी ही नहीं, बल्कि सोने का वायदा भाव 1200 रुपये से ज्यादा चढ़ गया.

सबसे पहले बात करते हैं चांदी की कीमत के बारे में, तो एक बार फिर तूफानी तेजी से भागती नजर आ रही है. एमसीएक्स पर कारोबारी की शुरुआत होने पर ये कीमती धातु अपने पिछले बंद 1,74,981 रुपये प्रति किलो की तुलना में चढ़कर 1,76,452 रुपये पर खुली. इसके बाद वायदा कारोबार में ये तेज रफ्तार से भागने लगी और 15 मिनट के कारोबार के दौरान ही 1,78,489 रुपये के नए हाई लेवल पर जा पहुंची. इस हिसाब से चांदी 3,508 रुपये प्रति किलो तक महंगी हो गई. बात सोना भाव की करें, तो ये पीली धातु भी चांदी से कम नजर नहीं आ रही है. 5 फरवरी की एक्सपायरी वाला त्रशद्यस्र क्कह्म्द्बष्द्ग खुलने के साथ ही चढ़ गया और 1,30,794 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता हुआ नजर आया. बता दें कि बीते सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सोना 1,29,504 रुपये पर क्लोज हुआ था. यानी एक झटके में त्रशद्यस्र 1290 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया.

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने ढेर किए 3 आतंकवादी

नई दिल्ली। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (ञ्जञ्जक्क) पाकिस्तान में प्रतिबंधित आतंकी संगठन है. नवंबर 2022 में पाकिस्तान सरकार के साथ ञ्जञ्जक्क का संघर्ष विराम समाप्त हुआ, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी संगठन की घुसपैठ और आतंकी गतिविधियां बढ़ गई हैं. बीते 2 दिन में बलूचिस्तान में क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में 7 धमाके हुए हैं, जिनमें एक धमाके में रेलवे ट्रैक का एक हिस्सा उड़ गया और ट्रेन यातायात बाधित हो गया. खैबर पख्तूनख्वा में पंजगुर जिले के गुरमाकन इलाके में एक चेकपोस्ट पर भी हमला हुआ है. बता दें कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आतांकियों ने क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में हमला किया. हालांकि आतंकी हमले में किसी की जान नहीं गई, लेकिन 2 सुरक्षा कर्मी घायल हुए, जो कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करते थे. क्वेटा में पुलिस चेकपोस्ट पर हैंड ग्रेनेड अटैक किया. एंटी-टेररिज्म डिपार्टमेंट (ञ्जष्ठ) की गाड़ी के पास ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट किया. क्वेटा के स्स्क्क आसिफ खान ने धमाकों की पुष्टि की और बताया कि सरियाब रोड पर कंस्ट्रक्शन कंपनी का ऑफिस है, जिस पर आतंकियों ने ग्रेनेड अटैक किया.

### शेख हसीना को जमीन घोटाला मामले में ढाका कोर्ट ने सुनाई सजा

ढाका। बांग्लादेश की अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी भांजी ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीक को जमीन घोटाला मामले में जेल की सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया की ओर से इस खबर के बारे में जानकारी दी गई है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हसीना ने प्रधानमंत्री रहते हुए राज्य के अधिकार का दुरुपयोग कर अवैध रूप से प्लॉट हासिल किए। हसीना ने अधिकारियों के साथ मिलकर पुरबचल के सेक्टर 27 के डिप्लोमैटिक जोन में 6 प्लॉट अवैध रूप से आवंटित कराए, जो ढाका इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट (लैंड अलॉटमेंट) रूल्स, 1969 का उल्लंघन है। इनमें हसीना के बेटे साजीब वाजेद जॉय, बेटी साइमा वाजेद पुटुल, बहन रेहाना, रेहाना की बेटी ट्यूलिप रिजवाना मुजीब सिद्दीक के नाम शामिल हैं। बता दें कि, एंटी-करप्शन कमीशन की ओर से अब तक पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के कुल चार मामलों में दोषी ठहराया गया है। हसीना की राजनीतिक और वतन वापसी के लिए इसे बड़ा झटका माना जा रहा है। कोर्ट का यह फैसला ऐसे समय पर आया है, जब वह पहले ही कई कानूनी चुनौतियों का सामना कर रही हैं।

### आसाराम की जमानत के खिलाफ नाबालिग रेप पीड़िता पहुंची सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। स्वयंभू उपदेशक आसाराम को छह महीने की जमानत मिलने पर नाबालिग रेप पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पीड़िता ने आसाराम की जमानत रद्द करने की मांग की है। 2013 के नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इसी सजा में उसे राजस्थान हाईकोर्ट ने 29 अक्टूबर को 6 महीने की जमानत दी थी। इसी आधार पर गुजरात हाईकोर्ट ने भी जमानत दे दी। अब पीड़िता ने याचिका दायर कर जमानत रद्द करने की मांग की है।

राजस्थान हाईकोर्ट ने इलाज के लिए आसाराम को 6 महीने की जमानत दी। इसी आधार पर गुजरात हाईकोर्ट ने छह नवंबर को जमानत दी थी। पीड़िता की याचिका में आसाराम को जमानत देने के फैसले को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति इलेश वोरा और न्यायमूर्ति आरटी वच्छानी की पीठ ने आसाराम (84) को उसके इलाज के लिए अस्थायी जमानत देते हुए कहा था कि वे आसाराम को उसी आधार पर छह महीने की जमानत दे रहे हैं, जिस आधार पर उसे राजस्थान उच्च न्यायालय ने जमानत दी थी।

## भारत का खिताब जीतने का सपना टूटा, फाइनल में बेल्जियम ने 1-0 से दी मात



नई दिल्ली। बेल्जियम ने 30 नवंबर को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में खेले गए रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। यह बेल्जियम का पहला सुल्तान अजलन शाह खिताब है। टीम सिर्फ दूसरी बार इस प्रतियोगिता में खेल रही थी।

29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ 14-3 की बड़ी जीत के बाद इस मैच में उतरा भारत दुर्भाग्य से तीन पेनल्टी कॉर्नर में से एक को भी गोल में नहीं बदला सका। जुगराज सिंह, अमित रोहिदास और संजय इस टूर्नामेंट के दौरान पेनल्टी कॉर्नर में अच्छा प्रदर्शन करेन में सफल रहे लेकिन फाइनल में बेल्जियम के डिफेंस को छकाने में नाकाम रहे। लीग स्टेज में यूरोपियन टीम के खिलाफ 2-3 से हारने के बाद यह इस टूर्नामेंट में भारत की दूसरी हार थी।

मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के टूर्नामेंट से आराम लेने के कारण जिम्मेदारी युवा खिलाड़ियों पर थी जिन्होंने हार के अंतर को कम रखकर अच्छा प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने रणनीति खेल दिखाया जिसमें बेल्जियम ने गेंद को अधिक समय अपने पास रखकर बेहतर शुरुआत की। उनके आक्रामण ने दोनों छोर से भारतीय डिफेंस को परेशान किया और भारतीय गोलकीपर को कुछ करीबी बचाव करने पड़े। बेल्जियम को शुरुआत में दो पेनन्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत ने इन्हें नाकाम कर दिया। भारत ने धीमी शुरुआत के बाद लय हासिल की लेकिन बेल्जियम ने उन्हें मिडफील्ड में बेहतर नियंत्रण बनाकर परेशान किया।

हाफ टाइम तक दोनों ही टीम गोल का खाता खोलने में नाकाम रहीं। बेल्जियम ने दूसरे हाफ में बेहतर लय में खेलकर भारत पर दबाव डाला। भारत ने भी कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन तीसरे क्वार्टर में भी बेल्जियम के डिफेंस को मात नहीं दे सके। इस बीच 34वें मिनट में स्टॉकब्रोक्स के गोल ने भारत को दबाव में डाल दिया।

## दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेटर ने गर्लफ्रैंड से की सगाई



केप टाउन। दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की चर्चित ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन ने अपनी पार्टनर मिशेल नटिवेल के साथ सगाई कर ली है। लंबे समय से रिलेशनशिप में रही यह जोड़ी आखिरकार आधिकारिक रूप से नई शुरुआत करने जा रही है। क्लो ने बेहद रोमांटिक अंदाज में घुटने के बल बैठकर मिशेल को प्रपोज किया। सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं और फैन्स इस कपल को ढेरों शुभकामनाएं दे रहे हैं।

29 नवंबर को हुए इस खास मौके पर क्लो ट्रायोन ने तस्वीरें पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, 'हम दोनों जिंदगी भर के लिए साथ।' तस्वीरों में दोनों बेहद खुश और प्यार में डूबी नजर आ रही हैं। ट्रायोन और मिशेल काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रही थीं और अब यह ऑफिशियल घोषणा सेलेब्रेशन मोड में बदल चुकी है।

31 वर्षीय क्लो ट्रायोन दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम का एक बेहद अहम हिस्सा रही हैं। वह हाल ही में खेले गए महिला वनडे विश्व कप टूर्नामेंट में शामिल थीं, जहां दक्षिण अफ्रीका फाइनल तक पहुंचा, लेकिन भारत ने 52 रनों के अंतर से खिताब अपने नाम किया। उन्होंने अब तक दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन टेस्ट में 119 रन बनाए हैं और चार विकेट झटके हैं।

## करेंसी रिंग में डॉलर के मुकाबले पस्त हुआ रुपया!

नई दिल्ली। सोमवार के कारोबारी दिन भारतीय करेंसी मार्केट में गिरावट देखने को मिली. रुपया की कीमत डॉलर के मुकाबले फिसककर 89.76 के ऑल-टाइम लो पर पहुंच गई. रुपया अपने दो सप्ताह पहले बने लो रिकॉर्ड 89.49 से भी नीचे फिसल गया.

चौंकाने वाली यह है कि, यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब पिछले दिनों भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 के दूसरे तिमाही में 8.2 प्रतिशत की शानदार जीडीपी ग्रोथ दर्ज की हैं. यानी कि, एक ओर तो देश की जीडीपी तेजी से आगे बढ़ रही हैं, वहीं रुपया लगातार कमजोर होता जा रहा है...

रुपये में हो रही इस गिरावट के पीछे कई कारण हो सकते हैं. बाजार जानकारों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो द्वारा लगातार हो रही बिकवाली इसका एक कारण हो सकती हैं. विदेशी निवेशक भारतीय बाजार पर दांव लगाने से परहेज कर रहे हैं या फिर सतर्क होकर निवेश कर रहे हैं. साल 2025 में अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी मार्केट से 16 बिलियन डॉलर से अधिक की निकासी की हैं. इतनी बड़ी निकासी से करेंसी पर दबाव बड़ जाता है.

साथ ही भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता को लेकर अभी तक कोई परिणाम नहीं आया है. अमेरिकी सरकार के द्वारा लगाए 50 फीसदी टैरिफ का असर ट्रेड बैलेंस पर देखने को मिल रहा है. अक्टूबर महीने में देश का मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंचा. जिसके कारण डॉलर की मांग में बढ़ोतरी हुई।

## हार्दिक पांड्या, बड़े मैच से पहले टीम से जुड़े, साउथ अफ्रीका सीरीज में दिखाएंगे दम!

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मैदान में वापसी को तैयार हैं। पांड्या को एशिया कप के दौरान चोट लग गई थी जिसके कारण वह टीम से बाहर थे। पांड्या को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस मिल गया है और वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जाने वाली टी20 सीरीज में नजर आ सकते हैं।



पांड्या इससे पहले दो दिसंबर को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा की तरफ से पंजाब के खिलाफ मैच खेलेंगे। ये मैच हैदाराबाद में खेला जाएगा। वहीं चार दिसंबर को भी वह गुजरात के खिलाफ मैच खेलेंगे। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है।एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, चार दिसंबर को जब पांड्या मैदान पर उतरेंगे तो हाल ही में सेलेक्शन कमेटी में शामिल किए गए प्रज्ञान ओझा उन पर नजर रखेंगे और उनकी ओवरऑल फिटनेस चेक करेंगे। इसके बाद ही साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए टीम चयन किया जाएगा।

पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा है, ÷21 अक्तूबर से 30 नवंबर तक हार्दिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से बाहर भी नहीं गए थे। उन्होंने इस दौरान अपना रिहैब पूरा किया और वह प्रोटोकॉल्स के हिसाब से वापसी को तैयार हैं। इस समय उन्हें टी20 इंटरनेशनल में बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने को लेकर क्लीयरेंस दे दिया गया है। वह पंजाब के खिलाफ मैच से पहले बड़ौदा की टीम से जुड़ भी चुके हैं। चार दिसंबर को वह गुजरात के खिलाफ भी खेलेंगे। अगर भारतीय टीम मैनेजमेंट उन्हें पहले नहीं बुलाता है तो वह छह दिसंबर को हरियाणा के खिलाफ भी खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं।÷

### नौ दिसंबर से शुरू हो रही है सीरीज

भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें इस समय वनडे सीरीज खेल रही हैं जिसका पहला मैच हो चुका है। दूसरा मैच तीन दिसंबर और चौथा मैच छह दिसंबर को होना है। इसके बाद नौ दिसंबर से पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का आखिरी मैच 19 दिसंबर को अहमदाबाद में होगा।

## मोहम्मद नईम बने सबसे महंगे खिलाड़ी, पीयूष चावला रहे अनसोल्ड



नई दिल्ली। हाल ही में वूमेन्स प्रीमियर लीग का नई दिल्ली में आयोजन हुआ था, जिसमें खिलाड़ियों पर जमकर बोली लगी। कुछ इसी तरह का दृश्य बांग्लादेश प्रीमियर लीग के ऑक्शन में भी देखने को मिला। बांग्लादेश प्रीमियर लीग यानी क्चक्करु 2026 के ऑक्शन का 30 नवंबर को आयोजन हुआ, जिसमें मोहम्मद नईम सबसे महंगे खिलाड़ी बने।

चटगांव रॉयल्स ने नईम को 1 करोड़ बांग्लादेशी टका (लगभग 88,000 स्ठ) से ज्यादा की रकम में अपने साथ जोड़ा। पिछले सीजन नईम क्चक्करु में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 143.94 की स्ट्राइक रेट से 511 रन बनाए थे और ऑक्शन में वे पहले ही खिलाड़ी थे जिन पर बोली लगाई गई। भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने भी इस ऑक्शन में हिस्सा लिया था, लेकिन वह अनसोल्ड रहे।

रंगपुर राइडर्स ने तौहीद हृदोय को 73,600 स्ठ और लिटन दास को 56,000 स्ठ में अपने साथ शामिल किया। हालांकि, अनुभवी खिलाड़ियों मुशफिकुर रहीम और महमुदुल्लाह के लिए शुरुआत में किसी टीम ने बोली नहीं लगाई। दोनों खिलाड़ी कैटेगरी-क्च में शामिल थे। हालांकि, बाद में क्चष्टक्च डायरेक्टर और रंगपुर राइडर्स के मुख्य कार्यकारी इश्तियाक सादिक के अनुरोध पर दोनों का नाम दोबारा ऑक्शन में लाया गया, जिसके बाद रंगपुर ने महमुदुल्लाह को और राजशाही वॉरियर्स ने मशफीकुर रहीम को उनके बेस प्राइस 35 लाख बांग्लादेशी टका (लगभग 28,000 स्ठ) में खरीदा।

विदेशी खिलाड़ियों में श्रीलंका के दासुन शनाका सबसे महंगे रहे। उन्हें ढाका कैपिटल्स ने 55,000 स्ठ में खरीदा। वहीं एंजेलो मैथ्यूज को चटगांव रॉयल्स और निरोशन डिकवेला को सिलहट टाइटंस ने कैटेगरी7 के बेस प्राइस 35,000 स्ठ में अपने साथ जोड़ा।

एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले हबीबुर रहमान सोहान को नोआखली एक्सप्रेस ने 40,000 स्ठ खर्च कर टीम का हिस्सा बनाया। बता दें, ऑक्शन के दौरान बांग्लादेश के कई क्रिकेटर्स ऑक्शन टेबल पर मौजूद रहे, जिनमें नुरुल हसन, नजमुल हुसैन शांतो और मेहदी हसन मिराज शामिल थे।

गौरतलब है कि 2012 में पहले सीजन के बाद यह क्चक्करु का पहला ऑक्शन था। बीच के सभी सीजन खिलाड़ियों को ड्राफ्ट के जरिए चुना गया था। क्चक्करु के आगामी सीजन का आगाज 26 दिसंबर से होने की उम्मीद है। ढाका कैपिटल्स, रंगपुर राइडर्स, राजशाही वॉरियर्स, नोआखली एक्सप्रेस, सिलहट टाइटंस और चटगांव रॉयल्स क्चक्करु खिताब के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगी।

## इंडोनेशिया में बाढ़-भूस्खलन से तबाही, 300 से ज्यादा की मौत,



नई दिल्ली। इंडोनेशिया के सुमात्रा क्षेत्र के तीन प्रांतों में अचानक हुई भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है. इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 250 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं. जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं और कई इलाकों का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है.

राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया और कहा कि सेना, पुलिस और स्वयंसेवी संगठनों की सभी टीमें दिन-रात काम कर रही हैं. सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मदद की पेशकश भी स्वीकार की है.

`क्चहृक्कक्च के प्रमुख सुहार्यंतो ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि तीन प्रांतों में अब तक 303 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 279 लोग अभी भी लापता हैं. हजारों लोग बेघर हो चुके हैं और कई इलाकों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है.

उन्होंने बताया कि उत्तरी सुमात्रा में सबसे ज्यादा हताहत हुई है. इस प्रांत में 166 लोगों की मौत हुई है और 143 लोग अभी भी लापता हैं. पश्चिमी सुमात्रा में 90 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 85 लोग लापता हैं. वहीं, आचेह में 47 मौतें दर्ज की गईं हैं और 51 लोग लापता हैं.

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**संसद शीतकालीन सत्र का पहला दिन.....**

को मिली हार की तकलीफ डॉक्टर को बतानी चाहिए। पूरे दिन सदन में आरोप-प्रत्यारोप, शोर-शराबा और नोक-झोंक का दौर चलता रहा। परिणामस्वरूप पहले दिन किसी भी विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी और कार्यवाही बिना कामकाज के 2 दिसंबर की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। सत्र के आगामी दिनों में माहौल शांत होगा या टकराव बढ़ेगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

**लोकसभा में इस हफ्ते वंदे मातरम् पर....**

और चुनावी सुधारों पर चर्चा की मांग रखी, लेकिन सरकार ने वंदे मातरम् के मुद्दे को प्राथमिकता दी। तृणमूल कांग्रेस ने भी लोकसभा में इस विशेष चर्चा का समर्थन किया है। विपक्षी इंडिया ब्लॉक सोमवार सुबह मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में रणनीति बैठक करेगा। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें 15 बैठकें प्रस्तावित हैं। इस दौरान 10 नए विधेयक भी पेश किए जाएंगे, जिनमें परमाणु ऊर्जा, उच्च शिक्षा, बीमा और राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े सुधार शामिल हैं। साथ ही 2025-26 के लिए प्रथम अनुपूरक अनुदान मांगों पर चर्चा भी होगी।

**संसद सत्र: प्रियंका गांधी का पीएम मोदी......**

प्रधानमंत्री ने सभी से मौसम का आनंद लेने को कहा है। दिल्लीवासी कौन-से मौसम का आनंद लें? उन्हें बाहर झांककर देखना चाहिए कि देश में क्या-क्या हो रहा है। एक शोध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 22 लाख बच्चों के फेफड़ों को पक्का नुकसान हुआ है, इसकी वजह वायु प्रदूषण है। कोई हमारे बच्चों के साथ ऐसा कैसे कर सकता है। बूढ़े लोग परेशान हैं, जिन लोगों को पहले से अस्थमा है और लोगों को सांस की दूसरी दिक्कतें हैं, हॉस्पिटल सांस की दिक्कतों से भरे हुए हैं। हम यहां बैठकर कुछ कैसे नहीं कर सकते। कांग्रेस नेता ने कहा, मुझे सच में लगता है कि हम सभी को एक साथ आकर कड़े कदम उठाने चाहिए। हम यहां सरकार का सपोर्ट करने के लिए हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार को तुरंत एक्शन लेना चाहिए। शीतकालीन सत्र के पहले पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा था, हमें जिम्मेदारी की भावना से काम करने की जरूरत है। संसद ड्रामा करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है। उन्होंने कहा कि सत्र को राजनीतिक नाटक का स्टेज नहीं, बल्कि रचनात्मक और परिणामोन्मुख बहस का प्लेटफॉर्म बनना चाहिए, और उन्होंने विपक्ष को राजनीति में सकारात्मकता लाने के टिप्स देने की पेशकश की।

**तमिलनाडु में भीषण सड़क हादसा....**

सीमा से अधिक लगातार ड्राइविंग इसका कारण तो नहीं है। यह हादसा तमिलनाडु में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की चिंताजनक स्थिति को फिर से सामने लाता है। 2023 में जहां राज्य में 67,000 से अधिक सड़क हादसे दर्ज किए गए थे, वहीं 2025 में इनकी संख्या में थोड़ी गिरावट आई है, लेकिन घातक दुर्घटनाओं का खतरा अभी भी कम नहीं हुआ है। आम लोगों में नाराजगी है और मांग उठ रही है कि सरकारी व निजी बसों की सुरक्षित संचालन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। ड्राइवरों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य किए जाएं, वाहनों की समय-समय पर जांच हो और खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत की जाए। इस दुर्घटना ने कई परिवारों को गहरे शोक में डाल दिया है। प्रशासन ने जांच तेज करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जबकि स्थानीय लोग सड़क सुरक्षा सुधारों की त्वरित जरूरत को मजबूती से उठा रहे हैं। दुख और आक्रोश के बीच सभी की यही मांग है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि किसी और परिवार को इस तरह की त्रासदी का सामना न करना पड़े।

**डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच.....**

कहा। जिससे सभी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को सिम कार्ड का गलत इस्तेमाल रोकने के लिए आदेश जारी किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें साइबर क्राइम सेंटर जल्दी स्थापित करें और अगर कोई रुकावट आए तो राज्य सुप्रीम कोर्ट को बताएं। IT नियमों के तहत अधिकारियों को निर्देश जाए कि वे साइबर अपराधों के लिए अलग-अलग राज्यों के FIR में बरामद सभी फोन का मोबाइल फोन डेटा स्टोर करें। कोर्ट ने सभी राज्यों और ञ्ज को निर्देश दिया है कि जहां भी IT Act 2021 के तहत FIR दर्ज की जाती है, सभी CBI को सौंपा जाए। CJI सूर्यकांत ने कहा कि जैसे ही इस मामले पर संज्ञान लिया गया, कई पीड़ित सामने आए और केस चलाने की अर्जी फाइल की गई। हमारे पहले के निर्देशों के मुताबिक, यह पता चला है कि अलग-अलग राज्यों में कई FIR दर्ज की गई हैं। जुर्म कितना गंभीर और बड़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ज्यादातर राज्यों मे सीनियर सिटिज़न्स को धोखेबाजों ने अलग-अलग तरीकों से टारगेट किया है। साइबर क्राइम से पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धोखा देने के हर मामले की जांच ज़रूरी है। लेकिन डिजिटल अरेस्ट स्कैम पर देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी को तुरंत ध्यान देने की ज़रूरत है। इसलिए हम साफ निर्देश के साथ CBI आगे बढ़े।

**दिल्ली समेत कई एयरपोर्ट पर जीपीएस....**

संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि जब भी सैटेलाइट नेविगेशन में समस्या आती है, तो भारत में मौजूद न्यूनतम ऑपरेटिंग नेटवर्क उड़ानों को सुरक्षित रूप से संचालित करने में सक्षम है। यह जमीन आधारित पारंपरिक नेविगेशन और सर्विलांस सिस्टम पर चलता है। सरकार ने माना कि सैटेलाइट संकेतों में दखल उड़ानों की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर है। ऐसे में निगरानी और तकनीकी जांच को पहले से ज्यादा मजबूत किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने संसद को आश्वस्त किया गया कि देश के सभी बड़े एयरपोर्ट्स ऐसे मामलों को नियमित रूप से दर्ज कर रहे हैं, जिससे किसी भी संभावित समस्या पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। जीपीएस स्पूफिंग एक साइबर अटैक है, जिसमें नकली जीपीएस सिग्नल भेजा जाता है। इससे फ्लाइट सही लोकेशन की जगह गलत दिशा में चली जाती है। एक्सपर्ट्स की मानें, तो इसके पीछे कई अलग-अलग वजहें हो सकती हैं। हालांकि इसका इस्तेमाल अक्सर युद्ध क्षेत्रों में ड्रोन और निगरानी सिस्टम को भ्रमित करने के लिए किया जाता है। पिछले महीने दिल्ली एयरपोर्ट के पास कई फ्लाइट्स को 60 नॉटिकल मील तक गलत लोकेशन डेटा मिलता रहा। इस गड़बड़ी के कारण कुछ विमानों को एहतियात के तौर पर नजदीकी एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा।

**सरकार का बड़ा फैसला; सभी नए.....**

करना गंभीर अपराध है। यह गैर जमानती अपराध है और दूरसंचार अधिनियम 2023 के अनुसार इसमें 3 साल की जेल, 50 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। सरकार ने कहा है कि मोबाइल कंपनियां यह सुनिश्चित करें कि संचार साथी एप डिवाइस पर आसानी से दिखे। एप की सुविधाओं को डिसेबल किया या छुपाया ना जाए। जिससे उपयोगकर्ता एप को बिना किसी रुकावट के इस्तेमाल कर सकें। अगर निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो कंपनियों पर दूरसंचार अधिनियम 2023, दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियम 2024 सहित अन्य कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश के कुछ दिनों पहले ही सरकार ने वाट्सएप, सिग्नल, टेलीग्राम जैसी एप-आधारित सेवाओं पर भी नए नियम लागू किए थे। इन एप्स को उपयोगकर्ता के एक्टिव सिम कार्ड से लगातार लिंक्ड रहना होगा। एप्स का वेब वर्जन हर 6 घंटे में ऑटो लॉगआउट होगा। दोबारा लॉग इन करने के लिए त्तक्र कोड स्कैन करके डिवाइस को फिर से लिंक करना होगा। इन कंपनियों को भी 120 दिनों में ऑडिट रिपोर्ट जमा करनी होगी।

**असली काटने वाले तो संसद में बैठे हैं: कुत्ते.....**

से टकरा गया. यह छोटा पिल्ला सड़क पर भटक रहा था. मैंने सोचा कि यह कुचल जाएगा, इसलिए मैंने उसे उठाया, कार में रखा, संसद आई और उसे वापस भिजवा दिया. तो फिर इस चर्चा का क्या मतलब है? उन्होंने आगे तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा, असली काटने वाले तो संसद में बैठे हैं, वे सरकार चला रहे हैं. हम एक बेजुबान जानवर की देखभाल करते हैं, और यह एक बड़ा मुद्दा और चर्चा का विषय बन गया है. क्या सरकार के पास करने के लिए और कुछ नहीं है?

मैंने कुत्ते को घर भेज दिया और उन्हें घर पर रखने को कहा... हम उन लोगों के बारे में बात नहीं करते जो रोज संसद में बैठकर हमें काटते हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने इस घटना को सुरक्षा का गंभीर मामला बताया. उन्होंने कहा, संसद परिसर एक उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है. यहां किसी जानवर को लाना सुरक्षा प्रोटोकॉल का सीधा उल्लंघन है. एक सांसद होने के नाते, उन्हें नियमों का पालन करना चाहिए था.

**नवगठित बिहार विधानसभा का.....**

में बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा शामिल थे। शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों में विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडे, लेसी सिंह, नितिन नवीन, राम कृपाल यादव, सुनील कुमार, मोहम्मद जमा खान, संजय सिंह टाइगर, सुरेंद्र मेहता, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेंद्र कुमार रोशन, श्रेयसी सिंह, संजय कुमार और संजय कुमार सिंह शामिल हैं। पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने मैथिली भाषा में शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर ने सदन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और महागठबंधन के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव तथा कई अन्य विधायकों को शपथ दिलाई, जिनमें प्रेम कुमार, हरि नारायण सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, संजय कुमार पांडे और राम सिंह के नाम शामिल हैं। इनमे प्रेम कुमार 09वीं बार गया नगर विधानसभा सीट से और हरि नारायण सिंह 10वीं बार हरनौत सीट से चुने गए हैं। सदन की बैठक का पहला दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने के लिए निर्धारित है।

# वनांचलवासियों ने मोहला विकासखण्ड के ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय एवं पोष्ट मेट्रिक छात्रावास प्रारंभ करने की जोर-शोर से मांग








अंबागढ़ चौकी (दावा)। नवगठित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मोहला विकासखण्ड के पश्चिमी सीमा तथा सुदूर वनांचल के केन्द्र में स्थित अंचल के प्रमुख ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय एवं पोष्ट मेट्रिक बालक एवं कन्या छात्रावास प्रारंभ करने की मांग जोर-शोर से उठने लगी है। सुदूर वनांचल के वासियों ने अंचल के विकास के लिए जिले के पश्चिमी सीमा को महाराष्ट्र राज्य से जोड़ने वाली अंचल के केन्द्र में स्थित ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय एवं पोष्ट मेट्रिक छात्रावास के निर्माण को अत्यंत आवश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि अंचल में शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी एवं शासकीय महाविद्यालय मोहला के अलावा इस क्षेत्र में और महाविद्यालय नही होने से मोहला-मानपुर जिले के मोहला विकासखण्ड के पश्चिमी सीमा में ग्राम उरवाही, भोजटोला, मडियानवाडवी, मार्री, वासडी, पाटन क्षेत्र के साथ-साथ मोहला विकासखण्ड के सीमा से लगे अंबागढ़-चौकी विकासखण्ड के देववाडवी, नेतामटोला, अरजकुण्ड आदि ग्रामों के विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करने में अत्यंत कठिनाई होती है। उल्लेखनीय है कि, ग्राम मार्री मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले एवं मोहला विकासखण्ड के पश्चिमी क्षेत्र के केन्द्र में स्थित एक प्रमुख ग्राम है। यहाँ पर वर्तमान में हायर सेकण्डरी स्कूल एवं प्री-मेट्रिक बालक एवं बालिका छात्रावास संचालित है। ग्राम मार्री में महाविद्यालय संचालित होने से मार्री अंचल के अलावा जिले के महाराष्ट्र सीमा में स्थित सुदूर वनांचल के ग्राम पाटनखास, भुरकुंडी, वासडी, ईहोडा, छुरिया डोंगरी जैसे राज्य व जिला के अंतिम छोर में स्थित गांव के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने का द्वार खुल जाएगा। इसके अलावा मोहला विकासखण्ड के सीमा से सटे ग्राम देववाडवी, पर्रेमेटा, अरजकुंड, नेतामटोला, पटेली, नीचेकोहड़ा जैसे आदिवासी गांवों के विद्यार्थियों का भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो सकेगा।

**सुदूर वनांचल के मध्य में स्थित गांवों में महाविद्यालय एवं पोष्ट मेट्रिक छात्रावास प्रारंभ होने से अंचल के विद्यार्थियों के लिए साबित होगा संजीवनी**

अंचल के जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवकों ने कहा कि अंचल के केन्द्र में स्थित ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय के स्थापना के साथ-साथ बच्चों को अनुकूल आवासीय सुविधा सुनिश्चित कराने हेतु पोष्ट मेट्रिक बालक एवं बालिका छात्रावास की स्थापना किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिससे समाज के कमजोर वर्ग के विद्यार्थी छात्रावास में निवास करते हुए निश्चिंत होकर अपने विद्या अध्ययन को जारी रख सकते हैं। अंचल के लोगों ने ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय और छात्रावास की प्रासंगिकता को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि अंचल में महाविद्यालय एवं छात्रावास नही होने से दूरी एवं आर्थिक कठिनाईयों की वजह से कई विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंचल में महाविद्यालय एवं छात्रावास के अभाव का अधिक प्रभाव बालिका शिक्षा पर पड़ रहा है। अंचल वासियों ने कहा कि यदि ग्राम मार्री में महाविद्यालय एवं छात्रावास प्रारंभ हो जाता है तो प्रत्येक पालक अपने बालकों के साथ-साथ बालिकाओं को भी महाविद्यालय में प्रवेश दिलाकर उनके उच्च शिक्षा के सपने को साकार करने में अपनी भागीदारी निभा सकेंगे।

जनपद पंचायत मोहला की अध्यक्ष एवं ग्राम मुरेर निवासी श्रीमती गैंदकुंवर ठाकुर ने ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय एवं पोष्ट मेट्रिक छात्रावास की स्थापना को अत्यंत आवश्यक बताया है। उन्होंने ने कहा कि ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय में एवं पोष्ट मेट्रिक छात्रावास प्रारंभ हो जाने से अंचल के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का द्वार खुल जाएगा। गोण्डवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक एवं ग्राम मुरेर निवासी चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय एवं पोष्ट मेट्रिक बालक एवं बालिका छात्रावास की स्थापना अंचल के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति, राष्ट्र एवं अंचल के विकास का सबसे बड़ा माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि ग्राम मार्री में महाविद्यालय एवं छात्रावास के निर्माण होने से ग्राम मार्री के अलावा मोहला विकासखण्ड के महाराष्ट्र सीमा पर स्थित अनेक आदिवासी बहुल ग्रामों के बच्चों का उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार होगा। इसी तरह ग्राम पंचायत मार्री की सरपंच श्रीमती प्रेमलता मार्शल ने भी ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय एवं छात्रावास की स्थापना को अंचल के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया है। इसके अलावा अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद गोटे, जिला पटवारी सिंह के जिला अध्यक्ष लखन सोरी, ग्राम ईहोडा निवासी एवं समाज प्रमुख लाल साय पोरेटी, लालजी पोरेटी, शिक्षक महेश पोरेटी, सुरेश पटोडी, ग्राम पाटन निवासी तिजउराम, ग्राम वासडी निवासी मुन्ना गोटे सहित ग्राम मुरेर निवासी थानुराम, लतखोर सिंह, छेरपुराम सहित ग्राम मार्री निवासी बिहारीलाल पटेल, तिजुराम साहू सहित शिक्षक मियनलाल मार्शल, गणपत साहू, किशन परतेती, संतलाल धलेन्द्र, विमल बडाई, जयचंद पटेल, गुलाब गावरे आदि के अलावा अंचल के लोगों ने वनांचल के विकास के लिए ग्राम मार्री में शासकीय महाविद्यालय एवं छात्रावास की स्थापना को अत्यंत आवश्यक बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद संतोष पाण्डेय सहित शासन-प्रशासन के जिम्मेदार लोगों से दोनों मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की है।

# 75 वर्ष पूर्ण : छत्तीसगढ़ चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने एकता अभियान से किया डायमंड जुबली का आगाज

**7 सूत्रीय मांगों पर 7 दिसंबर को रायपुर में होगी निर्णायक चर्चा**
**डोंगरगढ़ में हुआ डेमो शुभारंभपूर्व सरपंच - श्रीमती मंडावी सरपंच**



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के 75 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर एकता अभियान ङ्क साथी सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ कर डायमंड जुबली वर्ष का शंखनाद किया गया है। प्रांतीय कार्यालय रायपुर के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया जा रहा है।

## डोंगरगढ़ में हुआ डेमो शुभारंभ

छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष अमित वैष्णव ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान की प्रारंभिक डेमो बैठक आज 29 नवंबर को दोपहर 12 बजे पुराने रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। इस डेमो बैठक में संघ के साथियों का सम्मान किया गया। बैज लगाकर आगामी सदस्यता अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। जिले-जिले में एकता कार्यक्रम की जिम्मेदारी तय की गई और सात सूत्रीय मांगों पर जागरूकता अभियान का प्रारंभ किया गया।

## 7 दिसंबर को निर्णायक बैठक

यह अभियान आगामी 7 दिसंबर को रायपुर प्रांतीय कार्यालय में आयोजित होने वाली प्रांतीय बैठक से ठीक पूर्व प्रारंभ किया गया है। 7 दिसंबर की इस बैठक में संगठन की सात सूत्रीय मांगों पर निर्णायक चर्चा की जाएगी और महत्वपूर्ण विषयों पर अंतिम निर्णय लिए जाएंगे।

## 56,000 कर्मचारियों को जोड़ने का लक्ष्य

संघ ने 75 वर्ष पूर्ण होने के इस पावन अवसर को 'एकता का ब्रह्मास्त्र' बताते हुए पूरे प्रदेश में एक विशाल सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान में प्रदेश के 56 विभागों के 56,000 कर्मचारी एकजुट होकर भाग लेंगे। जिसे संघ के इतिहास का सबसे बड़ा संगठनात्मक विस्तार बताया जा रहा है।

## प्रमुख सात सूत्रीय मांगें

प्रांतीय बैठक में जिन प्रमुख मांगों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा, वे निम्नलिखित हैं: नियमितीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण करना, पदोन्नति का कोटा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना, आकस्मिक निधि एवं कार्यभारित कर्मचारियों का नियमित स्थापना में संविलयन, अवकाश नगदीकरण को 240 दिन से बढ़ाकर 300 दिन करना (जो कार्यभारित व आकस्मिक निधि कर्मियों पर भी लागू हो), सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करना, ईपीएफ कटौती, अवकाश नगदीकरण एवं अन्य वित्तीय विषयों पर एकरूप नीति लागू करना, संघ की प्रांत-स्तरीय सदस्यता अभियान एवं संगठनात्मक चुनाव व्यवस्था को मजबूत करना आदि है। अमित वैष्णव ने कहा कि 75 वर्ष की संघर्ष यात्रा ने सिद्ध कर दिया है कि 'एकता में ही संगठन की शक्ति होती है।' उन्होंने साथियों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि यह डायमंड जुबली केवल उत्सव नहीं, बल्कि आने वाले निर्णायक संघर्षों का ब्रह्मास्त्र है।

# भाजपा सरकार का किसान, विरोधी चेहरा सामने आया - विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ की ग्रामीण भूमि दरों में की गई 10त्न से 100त्न तक की अचानक बढ़ोत्तरी पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि यह निर्णय किसानों, गरीबों, भूमिहीनों, युवाओं और ग्रामीण परिवारों को सीधा नुकसान पहुंचाने वाला है।**



**गाईड लाईन की दरों में 10 से 100 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व वृद्धि**

विष्णु लोधी ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद से ही ग्रामीण क्षेत्रों के रकबा, पंजीयन दर और गाइड लाइन लगातार बढ़ाई जा रही है, जिससे भूमि खरीदना तो दूर, छोटे किसान अपनी पैतृक जमीन तक बचाने में असमर्थ होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई जिलों में गाइड लाइन दर 40 प्रतिशत से 500 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई, जो ग्रामीण आर्थिक तंत्र पर सीधा हमला है।

सरकार ने किसानों को राहत देने के बजाय उनकी कमर तोड़ने का काम किया है। भूमि दरें बढ़ाने से पंजीयन महंगा होगा, खेती-किसानी महंगी होगी, और ग्रामीण युवाओं के रोजगार के अवसर घटेंगे।उन्होंने कहा कि जहां किसान पहले ही बीज, खाद, डीज़ल, बिजली, कीटनाशक जैसी लागतों से परेशान हैं, वहां भूमि दरों की यह बढ़ोत्तरी उन्हें और गहरी आर्थिक खाई में धकेल देगी। विष्णु लोधी ने यह भी कहा कि 5 डिसिमिल से कम जमीनों पर पंजीयन शुल्क लगाए जाने व छोटे भू-खंडों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से गरीब परिवारों, मजदूरों और अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों के सामने संकट और बढ़ जाएगा। सरकार के इस निर्णय से छोटे किसान अपनी जमीन बेचने-खरीदने में अक्षम हो जाएंगे, ग्रामीण युवाओं के लिए व्यवसाय शुरू करना महंगा होगा, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार पंजीयन खर्च वहन नहीं कर पाएंगे, अवैध दलाली बढ़ेगी, पारदर्शिता घटेगी, ग्रामीण विकास ठप पड़ जाएगा।

विष्णु लोधी ने कहा कि एक ओर सरकार रोजगार बढ़ाने की बात करती है, दूसरी ओर ऐसे निर्णय लेकर ग्रामीण युवाओं के हाथ से सभी अवसर छीन रही है। अगर सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करती, तो हजारों परिवारों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत इस निर्णय को वापस ले और किसानों, मजदूरों, युवाओं और ग्रामीण वर्ग को राहत दे, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बचाया जा सके।

# अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज की राष्ट्रीय महासभा कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



राजनांदगांव। अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज राष्ट्रीय महासभा की कार्यकारिणी बैठक राजनांदगांव स्थित हल्बा सामाजिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जी.आर. राणा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतूराम पवार, राष्ट्रीय महासचिव श्यामसिंह तारम, 32 गढ़ महासभा बड़ेडोंगर के अध्यक्ष वीरेंद्र चनाप, 18 गढ़ महासभा के अध्यक्ष लतेलराम नाईक, हीरालाल मांझी, मध्यप्रदेश महासभा के अध्यक्ष बी.एल. भंडारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

बैठक में राष्ट्रीय महासभा के निर्धारित 19 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जी.आर. राणा ने कहा कि हल्बा समाज एक शिक्षित, संगठित और संविधान में अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त समाज है। आज हल्बा समाज पूरे भारत में एकजुट होकर समृद्धि के मार्ग पर बढ़ रहा है। नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी समाज की संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेगी।

कार्यक्रम में 18 गढ़ महासभा अध्यक्ष लतेलराम नाईक, 32 गढ़ महासभा अध्यक्ष वीरेंद्र चनाप, सलाहकार अर्जूनसिंह नाग, क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया, मध्यप्रदेश महासभा के बी.एल. भंडारी, केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के कार्यवाहक अध्यक्ष आर.एस. नायक, सलाहकार जी.आर. चुरेन्द्र, संपादक नासकेतु चौधरी, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय सचिव चिदाकाश आर्य सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। आभार प्रदर्शन आर.के. भूआर्य द्वारा किया गया। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए गए– राष्ट्रीय महासभा के संचालन हेतु शक्ति भवन, आशीष नगर, रिसाली (भिलाई) में एक कमरा उपलब्ध कराने। नियमावली अनुसार गतिविधियों को प्राथमिकता देने एवं महासभा के कार्यालय संचालन को सुव्यवस्थित करने। अखिल भारतीय स्तर पर समाज का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराने। 36 गढ़ केन्द्रीय महासभा बालोद में व्याप्त असंतोष व समाजविरोधी गतिविधियों पर आवश्यक कार्यवाही निर्धारित करना। अंतर्जातीय विवाह के मामलों का समाधान तथा इसके लिए दिशा-निर्देश तय करना। राष्ट्रीय महासभा के नेतृत्व में शक्ति दिवस एवं शहादत दिवस मनाना। क्षेत्रीय स्तर पर नियमित बैठकें, लंबित न्यायिक/संगठनात्मक प्रकरणों का निराकरण। केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के विभिन्न स्तरों पर चुनाव कर नई कार्यकारिणी गठित करना। समाज के उत्कृष्ट किसान, विद्यार्थी, महिलाएँ व शासकीय सेवकों को सम्मानित करने की योजना। समाज में मीटिंग, संवाद, अनुशासन, सद्भावना और भाईचारा बढ़ाने पर बल। स्व-रोजगार, प्रशिक्षण, कार्यशील संस्कृति और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन। अंतरमहासभा सहयोग, संबंध मजबूत करना तथा सामूहिक विवाह आयोजन पर विचार। राष्ट्रीय महासभा का फर्म एवं सोसाइटी से पंजीयन कराने तथा वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित करना। बैठक को सफल बनाने में कर्मचारी प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ राजनांदगांव के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी मेघनाथ भूआर्य ने दी।

# आज थैलीटोला की मंडाई

बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार क्षेत्र ग्राम थैलीटोला का मंडाई-मेला का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 2 दिसम्बर 2025 दिन मंगलवार को आयोजित किया गया है और रात में लोक सांस्कृतिक नाच भकुर्रा छुरिया वालो का रखा गया है।

जिसमें क्षेत्र के व्यापारी, खिलौना मिठाई, गुब्बारा हॉटल, मनिहारी, जनरल समान दुकान वाले साथियो और क्षेत्रों के सादर आमंत्रित किया जाता है। उपरोक्त जानकारी उपसरपंच धरम पटवा ने दिया।

# तुमड़ीबोड़ में रक्तदान शिविर पंचायत सचिव ने किया रक्तदान



**रक्तवीरो को हेलमेट, दीवाल घड़ी प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना वर्ष एवं संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर 2025 को ग्राम पंचायत तुमडीबोड में बालाजी ब्लड सेंटर राजनांदगांव के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू एवं उपसरपंच भूपेंद्र सोनवानी के संरक्षण में सम्पन्न हुआ।

शिविर में कुल 21 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवीय सेवा का परिचय दिया। इनमें प्रथम बार रक्तदान करने वालों में ग्राम पंचायत तुमडीबोड के सचिव येवेंद्र कुमार साहू, तुलसीराम साहू, विवेक साहू, कुंदन, नोहर लहरे, कंवल राम, कृष्णा साहू, तस्मीत सिंग, ऋषभ प्रताप, सोमलाल, वेद शंकर, जितेश कुमार तथा कुमारी खुशबू पटेल शामिल रहे।

वहीं नियमित रक्तदाताओं में भूपत दास साहू ने दूसरी बार, अजय साहू ने 5वीं बार, परमेश्वर साहू ने 20वीं बार, लोकेश साहू ने 11वीं बार, भुनेश्वर साहू ने तीसरी बार, गुलाब साहू ने दूसरी बार, सिंधु ने 15वीं बार तथा आशीष साहू (पंच, ग्राम पंचायत तुमडीबोड) ने तीसरी बार रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तवीरों को कार्यक्रम के संचालक श्री मदन साहू (रुढ्रष्ट एजेंट) द्वारा यातायात सुरक्षा के तहत हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए उपस्थित जनों ने कहा कि रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूती मिलती।

# ग्रीष्मकालीन फसल में धान के बदले अन्य फसल लेने छुरिया के 63 पंचायतो में प्रस्ताव पारित




**छुरिया जनपद के सरपंचो ने संगोष्ठी करके लिया संकल्प**

छुरिया (दावा) । फोटो । ग्रीष्म कालीन फसल मे किसानों द्वारा धान के बदले अन्य फसल लेने सहमति प्रदान किया जा रहा है, ग्राम सभा मे पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित करके दलहन, तिलहन, मक्का आदि कम पानी वाले फसल लेने धान फसल नहीं लेने निर्णय लिया गया है।

जल संरक्षण करने, भू जल स्तर को सुधारने छुरिया विकास खंड मे लगातार प्रशासन प्रयास कर रहे है। ग्राम पंचायत धरमुटोला, गर्रापार,हालेकोसा, घोघरे, जोशीलमती, फाफामार, घुपसाल कु सहित 63 ग्राम पंचायतों ने ग्राम सभा मे ग्रीष्मकालीन फसल में धान नहीं लगाने प्रस्ताव पारित किया गया है। प्रस्ताव के विरुद्ध जाकर कोई किसान धान का फसल लेता है और गांव मे पेयजल समस्या उत्पन्न होती है तो सम्बंधित किसान को जिम्मेदार माना जायेगा।फसल चक्र परिवर्तन करने पंचायतों मे फसल संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे किसानों द्वारा फसल चक्र परिवर्तन करने संकल्प लिया जा रहा है। जनपद पंचायत छुरिया मे सरपंच एवं सचिव का संयुक्त बैठक किया गया जिसमे सरपंचो ने छुरिया जनपद को ग्रीष्मकालीन फसल मे धान की फसल से मुक्त करने संकल्प लिया गया। उक्त बैठक मे सीईओ होरीलाल साहू द्वारा इस संबंध मे विस्तृत जानकारी दिया गया तथा फसल चक्र परिवर्तन करने किसानों को प्रेरित करने कहा गया है।

# ग्राम पंचायत तुमडीबोड़ में ग्राम सभा बैठक संपन्न



राजनांदगांव। ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में आज ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू ने की। बैठक में ग्राम पंचायत के सचिव येवेन्द्र कुमार साहू द्वारा एजेंडा वार विस्तृत चर्चा एवं विभिन्न विषयों की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में ग्राम पंचायत के आय-व्यय का विवरण, स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति, कर वसूली, मनरेगा कार्यों की स्थिति, पेंशन योजनाओं की समीक्षा, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, अविवादित नामांतरण-बंटवारा, बाल विवाह रोकथाम एवं स्वच्छता अभियान पर विशेष चर्चा की गई। मोर गांव-मोर पानी, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

साथ ही ग्राम पंचायत उन्नति सूचकांक के 9 विषयों पर प्राप्त स्कोर का प्रदर्शन किया गया। ग्राम सभा में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के 125 हितग्राहियों की पात्रता का पुनः सत्यापन कर प्रस्ताव पारित किया गया।

# कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी से किसान हुए संतुष्ट



**○ किसान संतोष को कर्ज लेने से मिली मुक्ति**
**○ खेती-किसानी कार्य में नई तकनीक और आधुनिक खेती करने के लिए अपने खेत में कराएंगे बोर खनन**

राजनांदगांव (दावा)। समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना के कारण किसानों को उनकी मेहनत का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने से किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। किसान उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए नई तकनीक और आधुनिक खेती के लिए प्रेरित हो रहे हैं। किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है और उन्हें बेहतर उत्पादन के लिए प्रोत्साहन मिला है।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भेंड़ीकला के किसान संतोष देवांगन धान उपार्जन केन्द्र गठुला में 42 क्विंटल धान बिक्री करने पहुंचे थे। किसान संतोष ने बताया कि उनके पास 7 एकड़ खेती जमीन है, जिसमें वे धान की फसल लेते हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा धान खरीदी नीति से धान खरीदने और समय पर राशि मिलने से उन्हें अन्य जगहों से उधार एवं कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ी है। पिछले वर्ष की राशि से आसानी से उनका आजीविका चली है। इस वर्ष धान बिक्री की राशि से खेती किसानी कार्य में नई तकनीक और आधुनिक खेती करने के लिए अपने खेत में बोर खनन करने का विचार किया है, जिससे वे दोहरी फसल लेंगे। किसान संतोष ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्र गठुला में किसानों के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। सही समय पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध हुआ है। इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से तेज गति और पारदर्शी तरीके से धान की तौलाई से उनके समय की बहुत बचत हुई। खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए पेयजल, छांव और विश्राम करने के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। धान खरीदी प्रक्रिया में पादर्शिता और किसानों के प्रति खरीदी केन्द्रों में संवेदनशीलता से विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वे धान खरीदी नीति से बहुत संतुष्ट है। किसान संतोष ने किसानों के प्रति संवेदनशीलता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# गंज चौक से कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण के विरोध में आए लोग, प्रशासन के खिलाफ फूटा गुस्सा



लखोली नाका चौक में हो-हल्ले की रही स्थिति, स्थिति संभालने मौके पर पहुंची पुलिस, एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आज चौक में किया जाएगा चक्काजाम

राजनांदगांव (दावा)। शहर में गंज चौक से लेकर कन्हारपुरी तक रोड चौड़ीकरण के लिए सड़क के 10-10 मीटर के रेंज में आने वाले घर, मकान, दुकान को तोड़ें जाने हेतु मार्किंग किए जाने से लोग इसके विरोध में आ गए और जमकर बवाल काटते हुए, लखोली नाका चौक में अपना आक्रोश दिखाया। इस दौरान चौक में हो-हल्ले की स्थिति निर्मित रही। मामला बिगड़ते देख कोतवाली पुलिस स्थित संभालने मौके पर पहुंची। हालांकि सड़क चौड़ीकरण का विरोध करने चौक में एकत्रित हुई भीड़ उग्र नहीं हुई। चौक में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं एवं पुरुषों की भीड़ ने कानून सम्मत कदम उठाने के लिए आज मंगलवार को एसडीएम के समक्ष ज्ञापन सौंप कर लखोली नाका चौक में सड़क जाम करने के लिए उतरने की बात कही है।

### शहर विकास के लिए 64 करोड़ का खाका तैयार

बता दें कि शहर विकास के लिए गंज चौक से कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण व आडिटोरियम के लिए 64 करोड़ का खाका तैयार है। इसकी प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर नगर निगम एक्टिव हो गया है। निगम कर्मियों द्वारा सड़क के दोनों ओर के घर दुकान मकानों को तोड़ें जाने का मार्किंग किए जाने पर वार्डवासी भड़क गए और उक्त क्षेत्र में वर्षो से निवास करने वार्डवासी चौक पर आकर अपने गुस्से का इजहार किया।

लोगों का कहना है कि पहले सड़क के दोनों ओर के 7-7 मीटर के घर दुकान मकान चपेट में आने की बात कही गई है। अखबारों में इसका प्रकाशन भी हुआ था। लेकिन अब इसे बढ़ा कर 11-11 मीटर कर दिया गया है। इससे उनके घर मकान दुकान सभी चपेट में आ जाएंगे। उक्त चौड़ीकरण की चपेट उनके रिहायसी मकान दुकान आदि को चपेट में आते देख लोग अपना गुस्सा संभाल नहीं पाए और उनका आक्रोश फूट पड़ा। इससे देर तक चौक में हो-हल्ले की स्थिति निर्मित रही।

### इस तरह होने जा रहा सड़क चौड़ीकरण

बताते चलें कि गंज चौक से कन्हारपुरी तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण में सड़क की दोनों ओर के 24 मीटर के जद में आने वाले अतिक्रमण हटाया जाना तय हुआ था। बाद में इसे 20 से 22 मीटर कर दिया गया है। इसमें सड़क के बीचों-बीच रोड डिवाइडर तथा इसके दोनों ओर नालियों व राइजिंग पाइप लाइन बिछाया जाना शामिल हैं। इस चौड़ीकरण से लखोली नाका चौक स्थित बहुत पुराना शिव मंदिर व अभी-अभी नया बने जलाराम स्वीट्स सहित करीने से मकान दुकान होटल पान ठेले इसकी चपेट मे आ रहें हैं। वहीं इसके बायीं ओर की पूर्व पार्षद गप्पु सोनकर का बहुमंजिला इमारत सहित पूरे लखोली कन्हारपुरी तक के रिहायशी मकान दुकान इसके चपेट में आ रहे हैं। इसी तरह के हालात दूसरी ओर के भी बने हुए हैं। इससे इस क्षेत्र के लोगों को अपने रहने-बसने व रोजी-रोजगार की चिंता उपस्थित हो गई है। यही वजह है कि इस चौड़ीकरण का विरोध करने सामने आ रहे हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि उक्त चौड़ीकरण की जद में आने वाला एक भी निजी भूमि नहीं है। जबकि देखने में ऐसा नजर नहीं आता। नगर निगम ई ई दीपक कुमार खांडे ने बताया कि गंज चौक से कन्हारपुरी तक रोड के चौड़ीकरण हेतु मार्किंग किए जाने के बाद आगे का काम शुरू कर दिया जाएगा। चूंकि यह प्रशासनिक कार्य है इसलिए इसमें अभी थोड़ा समय लग सकता है।

बहरहाल गंज चौक से कन्हारपुरी रोड तक के सड़क चौड़ीकरण के लिए मार्किंग का काम शुरू होते ही इसके विरोध में स्वर बुलंद होने शुरू हो गए है। सोमवार को बड़ी संख्या में लोग अपना विरोध प्रकट करने लखोली नाका चौक पर भीड़ की शक्ल में एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार किया। आज मंगलवार को इस चौड़ीकरण के विरोध में लखोली नाका चौक में चक्का जाम करने की तैयारी की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज में एचआईवी-एड्स पर आकर्षक नाटक और विशेषज्ञों ने दिये महत्वपूर्ण संदेश





विद्यार्थियों ने एचआईवी-एड्स पर आधारित जागरूकता नाटक 'एड्स की महामारी' प्रस्तुत

राजनांदगांव (दावा)। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव के मेडिसिन विभाग तथा ए.आर.टी. सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 01 दिसंबर 2025 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम अधिकार एवं संसाधनों की समझ- एड्स प्रभावित लोगों के लिए कानून और सरकारी सहायता पर केंद्रित रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विशेष अतिथि के रूप में अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर, अस्पताल उपअधीक्षक डॉ. पवन जेठानी, तथा जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी की नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया उपस्थित रहीं। इसके साथ ही स्त्रीरोग विभाग की ज्योति यादव एवं डॉ. मीना आर्मो, मेडिसिन विभाग के डॉ. तिर्कि, तथा सर्जरी विभाग की डॉ. अराधना टोप्पो ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में वक्ताओं के रूप में धर्मेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र जंघेल एवं नागेश मुंजारे शामिल हुए। मंच संचालन डॉ. प्रकाश खुंटे तथा उनकी सहयोगी रेणु अवस्थिति और अश्विनी राय द्वारा किया गया। डॉ. नवीन तिर्कि के मार्गदर्शन में एमबीबीएस 2021 बैच के विद्यार्थियों ने एचआईवी-एड्स पर आधारित जागरूकता नाटक एड्स की महामारी प्रस्तुत किया। इस नाटक में महाराजा अकबर की भूमिका डॉ. प्रकाश खुंटे, जोराबाई की अश्विनी राय, बनारकली की अनुभूति, बिरबल की आदित्य सिन्हा, सहजादा वलीम की अमन केसरी, सेनापति की अजय, और खबरीलाल की भूमिका अक्षत ने निभाई। नाटक में सरल, रोचक और प्रभावशाली तरीक़े से यह संदेश दिया गया कि एचआईवी कैसे फैलता है, इसका उपचार कैसे संभव है और किस तरह मिथक शर्म तथा अज्ञानता लोगों को इलाज से दूर कर देती है। विद्यार्थियों ने हास्य और भावनात्मक संवादों के माध्यम से दर्शाया कि गलत जानकारी पूरे समाज में भ्रम फैला सकती है। प्रस्तुति का मुख्य संदेश था एचआईवी अंत नहीं है ए.आर.टी. दवाएं मरीजों को लंबा और स्वस्थ जीवन देती हैं और ये सेवाएँ सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के अंत में ए.आर.टी. सेंटर में कार्यरत भारती सिमानकर काउंसलर, धर्मशिला स्टाफ नर्स एवं खिलेश सिन्हा टेक्नीशियन को स्मृतिचिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. नवीन तिर्कि ने बताया कि पूरे कार्यक्रम का निर्देशन संस्थान के डीन डॉ. पंकज मधुकर लुका द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की सफलता का श्रेय उन्होंने अपने अधिष्ठाता को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# धान खरीदी ड्यूटी में लापरवाही के कारण 4 कर्मचारियों का वेतन वृद्धि रोके जाने के आदेश

राजनांदगांव (दावा)। जिले में अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट में अवैध धान के आवक की रोकथाम हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। जिले में मंडी एवं नगर सेना के कर्मचारियों की ड्यूटी, सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान परिवहन के रोकथाम हेतु अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में लगाई गई है।

इसके अंतर्गत नगर सैनिक संतराम मारकंडे, नगर सैनिक चुम्मन सिंह, भृत्य, डोंगरगढ़ मंडी योगेश मंडलोई, भृत्य डोंगरगांव मंडी रमेश कुमार कोसरे द्वारा अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं रहने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियत्रंण तथा अपील) नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश दिए गए है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव द्वारा धान खरीदी कार्यों में पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण हेतु लगाई गई ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं किये जाने के निर्देश दिये गये है।

# नाबालिक बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी करने धर दबोचा है और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाशचंद्र मरई ने बताया कि घटना 28 नवंबर की है। उक्त संबंध में 29 नवंबर को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि, इनकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति 28 नवंबर को बहला फुसला कर भगाकर ले गया है।

इस रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामला गंभीर अति संवेदनशील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई और पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में तत्काल चिखली पुलिस टीम तैयार कर अपहृता की पतासाजी हेतु रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, यात्री प्रतिक्षालयो दबिश दिया गया। इस पर अपहृता को जिला कबीरधाम पण्डरिया बस स्टैण्ड मे आरोपी धरमू बंजारे के कब्जे से बरामद किया गया और पीड़िता के कथन पर आरोपी के विरूद्ध धारा 87, 64(2)(ड) बीएनएस 4,6 पाक्सो एक्ट शामिल कर आरोपी धरमू बंजारे पिता देव प्रसाद बंजारे उम्र 20 साल निवासी बाघमुड़ा थाना पण्डरिया जिला कबीरधाम को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालयीन आदेशानुसार आरोपी को जेल दाखिल कर दिया गया है।

# मिशन जल रक्षा अंतर्गत ग्राम सलोनी में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी तथा नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ ग्राम सलोनी में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी तथा नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में भू-जल स्तर में निरंतर आ रही कमी, ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या के पूर्वानुमान एवं जिले के सेमी क्रीटिकल जोन में पानी की गंभीरता स्तर के संबंध में चर्चा की गई। फसल चक्र परिर्वतन कर जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण, भू-जल रिचार्ज, कृषि एवं आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत सलोनी में रबी फसल में धान के बदले कम पानी की आवश्यकता वाले अन्य फसल लिए जाने संबंधित प्रस्ताव ग्रामसभा की बैठक में पारित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव, नोडल अधिकारी अनिल सोनवानी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सरपंच, रोजगार सहायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, किसान, महिला स्वसहायता समूह की सदस्य शामिल हुए।

# संस्कारधानी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा श्री स्वामी सत्यानंद सरस्वती जन्म महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। सत्यानंद योग आश्रम के संस्थापक परम पूज्य परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती का जन्म महोत्सव 'सत्यम् पूर्णिमा' का कार्यक्रम 4 दिसंबर को पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।



सत्यानंद योग आश्रम में 4 दिनों तक बिखरेगी स्वामी जी की जन्म जयंती की खुशी

स्वामी जी की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने सत्यानंद योगाश्रम, जी.ई. रोड में भव्य रुप से तैयारियां की जा रही है। योग आश्रम से जुड़े दीपांकर खोब्रागड़े ने बताया कि 2 दिसंबर से 6 दिसंबर तक चलने वाले इस जन्म जयंती कार्यक्रम अवसर पर मुंगेर के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी गोरखनाथ सरस्वती जी के मार्गदर्शन में एक विशिष्ट एवं निःशुल्क 5-दिवसीय उच्च योग साधना शिविर भी आयोजित किया जा रहा है।

### योग आश्रम की कार्यक्रम तिथि और समय

उन्होंने बताया कि योग साधना शिविर 2 दिसंबर से 6 दिसंबर 2025 प्रातः 6:30 बजे से 8:00 बजे तक सत्यम पूर्णिमा उत्सव 4 दिसंबर 2025 दोपहर 2:00 बजे से रात्रि तक भजन-कीर्तन, हवन, सत्संग 4 दिसंबर दोपहर 2:00 से 4:00 बजे दीप प्रज्वलन 4 दिसंबर संध्या 5:00 से 6:00 बजे, महाप्रसाद 4 दिसंबर रात्रि 6:00 से 7:00 बजे तक है।

### योग प्रेमियों व श्रद्धालुओं को अपील

जी.ई. रोड स्थित श्री सत्यानंद योग आश्रम में हर्षोल्लास से मनाए जाने वाले उक्त गरिमामय एवं पावन कार्यक्रम में योग साधकों और योग प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की गई है। आयोजकों ने समस्त शिष्यों, अनुयायियों तथा श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि, वे सपरिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित इस आध्यात्मिक और दिव्य आयोजन में शामिल होकर ईश्वर और गुरुसत्ता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# प्रधानमंत्री और ईडी के खिलाफ कांग्रेस का आक्रामक प्रदर्शन



0 सोनिया-राहुल गांधी पर की जा रही कार्रवाई लोकतंत्र की आवाज दबाने की कोशिश - जितेंद्र मुदलियार
0 विपिन ने कहा- सरकार एजेंसियों की ढाल लेकर विपक्ष को डराने में लगी

राजनांदगांव(दावा)। केन्द्र सरकार पर राजनीतिक विद्वेष और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को शहर में आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया। जयस्तंभ चौक में भारी संख्या में जुटे कांग्रेसजनों ने प्रधानमंत्री और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पुतला दहन कर जोरदार नारेबाजी की। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ की गई कार्रवाई को कांग्रेस ने लोकतांत्रिक आवाज दबाने की कोशिश बताया।

पुतला दहन से पहले जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने तीखा संबोधन देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार विपक्ष को डराने के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी एजेंसियों को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। संसद के ऐन शीतकालीन सत्र से पहले विपक्ष पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस जनता के मुद्दों पर सरकार को घेरती है, तभी विपक्षी नेताओं पर एक के बाद एक मामले थोप दिए जाते हैं। मुदलियार ने इसे संवैधानिक संस्थाओं के खुले दुरुपयोग का उदाहरण बताया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को कुचलने की कोशिश कभी सफल नहीं होगी। देश में आर्थिक संकट, बेरोजगारी और महंगाई अपने चरम पर है, लेकिन सरकार इन सवालों का जवाब देने के बजाय एजेंसियों की ढ़ाल लेकर विपक्ष को डराने में लगी है। कांग्रेस इससे पीछे हटने वाली नहीं है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और ईडी कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की। पुतला दहन के बाद कांग्रेसजनों ने मार्च भी निकाला। कार्यक्रम में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने की कार्रवाई बंद नहीं की गई, तो जिलेभर में और भी बड़े आंदोलन किए जाएंगे। पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व अध्यक्ष पदम कोठारी, पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू, मेहुल मारु, आफताब आलम, ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन व आसिफ अली, मामराज अग्रवाल, निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, अमित चंद्रवंशी, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, चुम्मन साहू, पंकज बांधव, बबलू कसार, प्रेम रुपचंदानी, नीरज कन्नौजे, सुरेश कुमार सिन्हा, राजा तिवारी, मुकेश साहू, गणेश पवार, राजिक सोलंकी, चेतन भानुशाली, सचिन तुरहाटे, ऋषि शास्त्री, अभिमन्यु मिश्रा, राजा यादव, राहुल देवांगन, राकेश चंद्राकर, झम्मन देवांगन, विनोद यादव बंटी, अब्दुल कलाम, अब्दुल राजिक, राजकुमार जायसवाल, जितेंद्र साहू, हनीफ खान, सलमान रजा, भरत सोनी, सुरेंद्र देवांगन, गोपी रजक, सागर ताम्रकार, शेषनाथ, जागेश्वर साहू, मो नासीर, हीरा सोनी, लक्ष्मण साहू, दीनू साहू, मो मुस्तफा जोया, संगीता साहू, लक्ष्मण साहू, जितेंद्र चंद्राकर, रिषभ जैन, आदित्य वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

# रायपुर पहुंची टीम इंडिया, एयरपोर्ट पर लगी फैंस की भीड़



रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे क्रिकेट मैच की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। ये मैच रायपुर के स्टेडियम में बीसीसीआई को हैंडओवर किए जाने के बाद पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इस बीच रांची में पहले एकदिवसीय मुकाबले में शानदार जीत दर्ज करने के बाद टीम इंडिया अब रायपुर पहुंच गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सभी खिलाडी चार्टर्ड प्लेन से सीधे माना स्थित विवेकानंद एयरपोर्ट पर लैंड कर चुके है। यहाँ से वे सीधे होटल के लिए रवाना होंगे। संभवतः कल टीम इंडिया प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लेगी। टीम इण्डिया के साथ ही साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी भी पहुँच रहें है। टीम इंडिया की जर्सी खरीदने पहुंचे एनआईआईटी के स्टूडेंट सार्थक ने बताया कि विराट कोहली उनके पसंदीदा खिलाड़ी हैं। उनकी जर्सी नंबर 18 भी उन्होंने खरीदी है।

# श्री मिथिला धाम मंदिर में गीता जयंती : 25 वर्ष की सेवा पूर्ण

गीता स्वाध्याय मंडल का हुआ सम्मान, सदस्यों ने अब हर रविवार को रामायण पाठ का संकल्प लिया



राजनांदगांव (दावा)। शहर के श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में आज 1 दिसंबर को गीता जयंती का पावन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि मंदिर में कार्यरत गीता स्वाध्याय मंडल ने गीता पाठ के 25 वर्ष की अनवरत सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण की। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सभी सदस्यों द्वारा पूर्ण विधि-विधान से गीता पाठ किया गया। मंदिर समिति की ओर से मंडल के समर्पित सदस्यों का सम्मान करते हुए उन्हें पीत वस्त्र ओढ़ाकर उनका अभिनंदन और स्वागत किया गया।

### हर रविवार को होगा पाठ

इस पावन अवसर पर स्वाध्याय मंडल ने एक और धार्मिक संकल्प लिया। मंडल के सदस्यों ने गुरुवार को होने वाले नियमित गीता पाठ के साथ-साथ अब प्रत्येक रविवार को रामायण पाठ भी अनवरत रूप से करने का संकल्प लिया है। स्वाध्याय मंडल के प्रमुख सदस्य श्री पांडे, बाबूलाल देवांगन, राजेंद्र अग्रवाल, सीतानंद मिश्रा, दुर्गेश एवं अन्य सम्मानित सदस्यों ने यह संकल्प दोहराया। मंदिर समिति के सदस्य अशोक चौधरी ने स्वाध्याय मंडल को आश्वस्त किया कि गणेश मंदिर में उनकी धार्मिक गतिविधियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध कराई जाएंगी। धर्मप्रेमी जनता से आह्वान स्वाध्याय मंडल के श्री पांडे ने राजनांदगांव की समस्त धर्मप्रेमी जनता से निवेदन किया है कि वे गुरुवार को गीता पाठ और रविवार को रामायण पाठ में रात्रि 8 बजे से सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाएँ।




दैनिक दावा
मासिक बिल
माह- नवंबर 2025

| प्रति दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन 1 दिन अवकाश | 4 /- | 116/- |
| | योग | 116 /- |

व्यवस्थापक




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com